संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज ऊना, शनिवार, 05 अक्टूबर 2024 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 275 पृष्ठ: 08 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के सफल आयोजन के लिए एंबेसडर्ज मीट का आयोजन

## सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने मदद मिलेगी

**बैठक**

▶▶ इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव में 21 देश भाग लेंगे: सुंदर सिंह ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: अंतरराष्ट्रीय कुल्लू** दशहरा का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने वीरवार को नई दिल्ली में आयोजित राजदूतों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव में 21 देश भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 18 अक्तूबर, 2024 को कुल्लू में विभिन्न देशों के राजदूत, एक्सीलेंसी और मिशन प्रमुखों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार और कारोबार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव में इन देशों के कारीगर स्टॉल लगाएंगे और सांस्कृतिक दल लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने विभिन्न दूतावासों के राजनयिकों और प्रतिनिधियों को आयोजन की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने दशहरा में भाग लेने के लिए दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और यात्रा संबंधी सहायता के बारे में भी बताया। प्रधान आवासीय आयुक्त एस के सिंगला ने आयोजन के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक सबंध परिषद के डीडीजी अमित माथुर ने भी बहुमूल्य जानकारी दी। दूतावासों के प्रतिनिधियों ने पिछले वर्षों में हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।बैठक में वन संरक्षक नीरज चड्ढा, राजनयिक और विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा गिरीपार क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया: रणबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन: सिरमौर** जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आज गिरी पार क्षेत्र के संगड़ाह में डिग्री कॉलेज की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई के तत्वावधान में कालेज के युवाओं को भाजपा सदस्यता अभियान से जोड? के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सदस्यता अभियान के दौरान डिग्री कॉलेज में सेंकडों युवाओं ने नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याण नीतियों और विशेष कर देशभर में युवाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे युवा कल्याण कार्यक्रमों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने बताया कि जब से पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया है तब से




देश के युवाओं में सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाए गए अनेक रोजगारमूलक कार्यक्रमों के कारण संभव हो पाया है जिस कारण अधिक से अधिक युवा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर के अलावा रेणुका भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनोज ठाकुर भी उपस्थित थे उन्होंने युवाओं से यह भीआग्रह किया की 5 तारीख को नाहन में आयोजित जिला भाजपा कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के विचार सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में नाहन में उपस्थित हो।

## न्यूज फ्लैश

### जोगिंद्रनगर में 9 व 22 अक्तूबर को वाहनों की पासिंग, 10 व 23 को होगा ड्राईविंग टेस्ट-एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** जोगिंद्रनगर में आगामी 9 व 22 अक्तूबर को वाहनों की पासिंग होगी जबकि 10 व 23 अक्तूबर को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य होगा।

इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम जोगिन्दर नगर मनीश चौधरी ने बताया कि आगामी 9 व 22 अक्तूबर को वाहनों की पासिंग जबकि 10 व 23 अक्तूबर को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने वालों को ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करवानी होगी। उन्होंने बताया कि 10 अक्तूबर को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 8 अक्तूबर को जबकि 23 अक्तूबर को भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 21 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### 13 वर्षीय बालक की नदी में डूबने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के कालाअंब थाना के तहत मीरपुर गांव में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। 13 वर्षीय तनुज पाल की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना तब हुई जब बालक अपने दिव्यांग पिता केसर सिंह के साथ भैंसों को चराने के लिए रुण नदी के किनारे गया था। केसर सिंह एक टांग से अपंग हैं। भैंसे चरते-चरते गहरे पानी में उतर गईं। भैंसों को बाहर निकालने की कोशिश में बालक खुद भी पानी में चला गया। उसे तैरना नहीं आता था, पानी में उतरते ही उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे कुंड में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकालकर तुरंत इलाज के लिए नाहन के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। हादसे की पुष्टि करते पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह हादसा एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना प्रतीत होती है और इसमें किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई है। मौके से पानी के नमूने जांच के लिए लोगों की ओर एजेंसी की ओर गए हैं।

### सलनू में सिपाही रोशन लाल की शहादत को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले 53 बटालियन के सिपाही रोशन लाल की शहादत को याद करते हुए उनके गांव सलनु में एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सिपाही रोशन लाल के परिवार को सम्मानित भी किया गया। सिपाही रोशन लाल ने 1991 में आज ही के दिन आतंकियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी वीरता और बलिदान को गांववासी आज भी गर्व के साथ याद करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन उनकी बटालियन की ओर से किया गया, जिसमें उनके घर पहुंच कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। गांव के लोग सिपाही रोशन लाल की वीरगाथाओं का उल्लेख करते हुए भावुक हो उठे और कहा कि उनका बलिदान देश के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। उनके परिवार ने भी इस आयोजन के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि उनकी शहादत का गर्व हमेशा उनके दिलों में रहेगा।

# रजाना स्कूल के छात्र ध्रुव शर्मा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन: सिरमौर** जिला उपलंड्ल संगड़ाह के सीनियर सेकेंडरी स्कूल रजाना के 12वीं कक्षा के छात्र ध्रुव शर्मा का खो-खो खेल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ध्रुव गांव माईना का निवासी है जोकि शारीरिक रूप से अक्षम है। ध्रुव शर्मा संगड़ाह जॉन से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाला एकमात्र विद्यार्थी हैं। ध्रुव की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और अदम्य साहस को दशार्ती है। ध्रुव ने शारीरिक अक्षमता होने के बावजूद भी कभी हार नहीं मानी और हमेशा आगे बढ़ते रहे। राज्य स्तरीय खो-खो




प्रतियोगिता का आयोजन जिला सिरमौर के तारूवाला में होगा। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजिन्द्र कुमार ने ध्रुव को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए है बल्कि क्षेत्र की अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है। स्कूल उनकी हर संभव सहायता करेगा। ध्रुव के माता-पिता भी उनकी सफलता से खुश हैं।

# सड़क परियोजनाओं के लिए केन्द्र से 293.36 करोड़ रुपये स्वीकृत: विक्रमादित्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गत दिवस को बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय सडक और बुनियादी ढांचा कोष (सीआरआईएफ) के तहत हिमाचल प्रदेश को 293.36 करोड़ रुपये की सडक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं में राज्य के विभिन्न हिस्सों में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से पांच सडक और पुल कार्य शामिल हैं।



विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने निरंतर इन परियोजनाओं की वकालत की और राज्य की बुनियादी ढांचा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से प्रदेश का पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन और विभाग के प्रयासों से शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में प्रमुख परियोजनाओं के लिए केंद्र से यह धनराशि स्वीकृत हुई है।

उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों में शिमला में 52 किलोमीटर टिक्कर-जरोल-गहन-ननखड़ी-खमाडी सडक के उन्नयन के लिए 54.87 करोड़ रुपये, हमीरपुर में 20 किलोमीटर सुजानपुर टीहरा-संधोल सडक के लिए 41.10 करोड़ रुपये, हमीरपुर में 37 किलोमीटर नवगांव-बेरी सडक के लिए 79.25 करोड़ रुपये, कांगड़ा में गज खड्ड पर 828 मीटर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण के लिए 86.34 करोड़ रुपये तथा मंडी में 9.6 किलोमीटर बखरोट-करसोग-सनारली-सैंज सडक के उन्नयन के लिए 31.80 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है।

लोक निर्माण मंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल सडकों की स्थिति में सुधार होगा बल्कि प्रदेश के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा तथा इन क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

# डी.डी.यू. बी.एड. कॉलेन मैहरे में पवित्र हवन विधि द्वारा नए सत्र का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: डी.डी.यू.** बी.एड. कॉलेज में नवरात्र के पावन अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय शिक्षण महाविद्यालय में नये सत्र का आरम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वतीजी के पूजन व पवित्र हवन द्वारा किया गया।

कॉलेज अध्यक्ष रतन शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्रधानाचार्या डॉक्टर सीमा शर्मा द्वारा विद्यार्थियों



को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं गयी व प्रशिक्षुओं के मंगलमय भविष्य की कामना की गयी तथा यह भी बताया गया कि किस प्रकार शिक्षा के द्वारा चहुमुखी विकास हो सकता है। प्राध्यापिका सपना जमवाल द्वारा प्रशिक्षु विद्यार्थियों को बी.एड. के संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए, शिक्षा के महत्वऔर शिक्षक की भूमिका को उजागर किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी निदेशक कार्तिकेय शर्मा,सभी प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक वर्ग व नए प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने भी मंत्रोच्चार के साथ पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पण की। सभी प्रशिक्षुओं को प्रसाद दिया गया।

# महात्मा गांधी जयंती पर खादी ग्रामोद्योग दे रहा है बीस प्रतिशत छूट: विनोद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** श्री सिद्ध बाबा लक्ष्मण जति जी खादी ग्रामोद्योग बिलासपुर में गांधी जयंती का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग विनोद कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि हर साल खादी ग्रामोद्योग के वस्त्रों पर भारत व हिमाचल सरकार द्वारा 108 दिनों के लिए 20 प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है।

# उपायुक्त सिरमौर ने त्रिलोकपुर मेले का किया विधिवत शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन: उपायुक्त** सिरमौर सुमित खिम्टा ने आज सपरिवार सहित विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर अश्विन नवरात्र श्री महामाया बालासुंदरी माता त्रिलोकपुर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 03 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले इस अश्विन नवरात्र त्रिलोकपुर मेला में हिमाचल से ही नहीं, बल्कि हरियाणा राज्य से भी बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी संख्या रहती है इसलिए उनकी सुरक्षा हेतू मेला स्थल व आस पास के क्षेत्र में उचित कानून व्यवस्था की गई है और पुलिस तथा होमगार्ड के जवानों को मेले के दौरान कड़ी नजर बनाए रखने के आदेश दिए गए है।इसके उपरान्त उन्होंने मेला स्थल व परिसर में साफ सफाई, पेयजल तथा बिजली की सप्लाई की उचित व्यवस्था इत्यादि प्रबंधो का भी जायजा लिया तथा मेला अधिकारियों को मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा उनकी सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को भी कहा। उन्होंने जिला ग्रामीण विकास विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गए उत्पादों के विक्रय हेतू हिम ईरा मॉडल शॉप का भी उदघाटन किया जिसमें विभिन्न महिला मण्ड़लों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बिक्री हेतू रखा गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्ड़ाधिकारी एल आर वर्मा, जिला विकास अधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग अभिषेक मितल, तहसीलदार नाहन उपेन्द्र कुमार सहित मन्दिर न्यास त्रिलोकपुर के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कबड्डी में विक्रमबाग की टीम ने मोरनी को हराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन: 5वीं** मुनीष पंवार मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता में विक्रमबाग की टीम ने फाइनल में मोरनी को पराजित कर कबड्डी कप अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत की 48 टीमों ने भाग लिया और विक्रमबाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मैच में मोरनी को 23-7 के भारी अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत



प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया और कबड्डी को हमारे ग्रामीण अंचलों का प्राचीन खेल बताया। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि नशे से दूर रहकर खेलों में अपने हुनर दिखाएं।

स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंचे प्रेम थापा और प्रदीप ठाकुर ने कबड्डी की विजेता टीम को 11 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की।

इस दौरान बाहर से आने वाली सभी टीमों व उपस्थित दर्शकों के लिए भंडारे का प्रबंध भी किया गया था। पंचायत प्रधान नरेश, उप प्रधान नरेंद्र, पूर्व प्रधान व बीडीसी मेंबर राकेश ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। वॉलीबॉल में शाहपुर ने मोरनी को परास्त कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया, जबकि बैडमिंटन की ओपन प्रतियोगिता में सुरला टीम ने नाहन को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

# केंद्र की नीतियों के चलते किसानों को गंवानी पड़ी जान: गोयल

## बोले: बेरोजगार युवा भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आतुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला: केंद्र** सरकार की किसान विरोधी नीतियों और कृषि कानूनों के कारण किसानों को सडकों पर उतरना पड़ा। कई किसानों को जान तक गंवानी पड़ी। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस मीडिया कमेटी के को-ऑडिनेटर हिमाचल कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल ने कालका में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार में हिमाचल के रह रहे लोगो से मिले और कांग्रेस के पक्ष मै वोट करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार



के दस साल कार्यकाल में युवा नौकरी की राह तकते रहे। केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर गांव के गरीब युवाओं के रोजगार के सपने को चकनाचूर कर दिया। बढ़ती बेरोजगारी के कारण आज युवा हताश है। वह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बेताब नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। प्रदेश में दुष्कर्म जैसी वारदातें बढ़ी हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बेहद खस्ता है। लोगों को अच्छे इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार इस कद्र फैला हुआ है कि कोई भी काम बिना पैसे के नहीं हो रहा है। लोगों को अपना काम करवाने के लिए सरकारी कर्मचारियों की जेबें गर्म करनी पड़ रही हैं। अनिल गोयल ने कहा कि प्रदेश में सडक की हालत बेहद खराब है। सडकों पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हैं। प्रदेश के कई जिलों में पानी की किल्लत है।

इसके बावजूद सरकार ने इस ओर कोई काम नहीं किया है। 24 घंटे बिजली देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार के समय कई जगह दिन में सिर्फ 8 घंटे ही सप्लाई मिल पा रही है।

# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के तहत सचिव पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा: जिला रेड** क्रॉस सोसाइटी चंबा के तहत सचिव के पद को तय मानदेय के आधार पर भरा जाएगा। सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए सचिव पद को भरने के लिए जिला चंबा के निवासियों से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । आवेदन प्रपत्र जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट एचपी चंबा डॉट एनआईसी डॉट एन से



डाउनलोड किया जा सकता हैं । उन्होंने बताया कि आवेदन कर्ता की पात्रता में शैक्षणिक योग्यता स्नातक या उससे ऊपर, आवेदक चंबा जिले का निवासी होना चाहिए तथा उसे स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक को सार्वजनिक सेवा या सरकारी सेवा या सामाजिक सेवा क्षेत्र में कार्य अनुभव होना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त आवेदक किसी भी सरकारी, अर्ध सरकारी विभाग और किसी भी राजनीतिक पद पर कार्यरत नहीं होना चाहिए। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रपत्र को भरकर शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ को संलग्न कर 16 अक्तूबर दोपहर 2 बजे तक एसडीएम कार्यालय चंबा के समीप जिला रेड क्रॉस लेबोरेटरी में जमा करवा सकता है।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 05 अक्टूबर 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 275 पृष्ठ: 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव से भारत भी अलर्ट

● पीएम ने बुलाई उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक, डोभाल और अमित शाह भी बैठक में रहे मौजूद

**गंभीर चर्चा**

**बैठक में इजरायल पर ईरानी हमले के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई, घटनाक्रम को बेहद चिंताजनक बताया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की तत्काल बैठक बुलाई। बैठक में पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पश्चिम एशिया में उभरते संकट पर गहन चर्चा की।

बैठक में इजरायल पर ईरानी हमले के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम को बेहद चिंताजनक बताया। बैठक में ईंधन समेत अन्य उत्पाद की आपूर्ति में पड़ने वाले असर पर भी विचार-विमर्श किया गया। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत कूटनीति और बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने की अपील की।

**स्थिति पर भारत की नजर**
न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि संभावना है कि इस संकट की वजह से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ेंगी। भारत ने पश्चिम एशिया संकट पर अपनी चिंता व्यक्त की। भारत पश्चिम एशिया की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। **वहीं** खामेनेई जब लोगों को संबोधित कर रहे थे तब वह अपने एक हाथ में राइफल पकड़े हुए थे। एक वीडियो में उन्हें राइफल पकड़े हुए देखा जा सकता है।



## इजरायल से तनाव के बीच ईरान पहुंचे भारतीय युद्धपोत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना के युद्धपोत ईरान के बंदर अब्बास पहुंच चुके हैं। भारत और ईरान की नौसेनाएं फारस की खाड़ी में संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेंगी। भारतीय युद्धपोतों का ईरानी युद्धपोत जेराह ने बंदर अब्बास बंदरगाह पर स्वागत किया। भारतीय नौसेना ने अपने बेड़े में तीन प्रशिक्षण युद्धपोतों को ईरान भेजा है।

**ये तीन युद्धपोत पहुंचे ईरान:** भारत और ईरान का फोकस समुद्री सहयोग बढ़ाने पर है। भारतीय नौसेना ने जानकारी दी कि नौसेना का बेड़ा ईरान के बंदर अब्बास पहुंच गया है। इस बेड़े में आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल और आईसीजीएस वीरा शामिल है।बता दें कि इससे पहले इसी साल मार्च में ईरानी प्रशिक्षण फ्लोटिला जहाज बुशहर और टोनब मुंबई पहुंचे थे।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में देश के सबसे छोटे शतरंज खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेलकर उत्साह वर्धन किया।

## पश्चिम बंगाल: बीजेपी नेता के घर पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में पूर्व सांसद और बीजेपी नेता अर्जुन सिंह पर हमला हुआ है। जगदल के बैरकपुर में बीजेपी नेता के आवास पर शुक्रवार सुबह देसी बमों से हमला किया गया। साथ ही कई राउंड फायरिंग भी की गई। इस हमले में उनकी सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का एक जवान घायल हो गया।

# बड़े स्तर पर भारतीयों का जीवन स्तर बदलेगा: निर्मला

**संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी: वित्त मंत्री निर्मला**



**संरचनात्मक**

**संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में अपने प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर लेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को राजधानी के ताज पैलेस होटल में आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। सीतारमण ने कहा कि भारत के बैंकिंग क्षेत्र की सुदृढ़ता और लचीलापन, परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधार, खराब ऋणों के लिए बेहतर प्रावधान, निरंतर पूंजी पर्याप्तता और लाभप्रदता में वृद्धि पर निरंतर नीतिगत ध्यान द्वारा समर्थित है। उन्होंने कहा कि एनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है, बैंकों के पास अब कुशल ऋण वसूली तंत्र हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले, हमारी एक और मुख्य नीतिगत प्राथमिकता है। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सांसद एनके सिंह भी मौजूद रहे।

## जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 63.88 प्रतिशत मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए तीन चरणों के मतदान का प्रतिशत पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 63.88 प्रतिशत रहा। तीसरे चरण में कुल 69.69 प्रतिशत मतदान हुआ। 40 सीटों पर महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले अधिक रहा है।
ह
ाल के लोकसभा चुनाव में राज्य में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए 18 एवं 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक तीसरे चरण में 69.37 प्रतिशत पुरुषों और 70.02 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

## जाकिर नाइक को पाक में मिला स्वागत निंदनीय: विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा आजकल सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। विदेश मंत्रालय ने भगोड़े नाइक को वहां मिले स्वागत को निंदनीय एवं निराशाजनक बताते हुए कहा है कि पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। हमने रिपोर्टें देखी हैं कि जाकिर नाइक का पाकिस्तान में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की दुनिया में ले जाना चाहती है : शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग्स की बहुत बड़ी खेप पकड़े जाने पर शुक्रवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है।



**कांग्रेस को घेरा**

**5600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक**

गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी।

# रक्षा क्षेत्र में सैन्य-नागरिक सहयोग की जरूरत: सीडीएस चौहान

**रक्षा क्षेत्र**

**सरकार की भी ऐसी नीति की जरूरत है। सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग है: सीडीएस**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि सैन्य और नागरिक सहयोग से देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की भी ऐसी नीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग है।

**'सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग'**
दिल्ली में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत के रक्षा उद्योग और विदेशी उपकरण निर्माताओं के बीच एक दूसरे पर निर्भरता बढ़ाने को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इससे भारत एक ऐसे वातावरण का निर्माण कर सकता है, जहां सभी को ज्ञान, तकनीक और संसाधनों साझा करने की अनुमति होगी। सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग है।

ऐसे में हमें अपनी मुख्य योग्यता की पहचान कर उस पर फोकस करने की जरूरत है। नागरिक-सैन्य संलयन सरकार की नीति होनी चाहिए। सीडीएस ने कहा कि 'रणनीति एक व्यापक ढांचे के रूप में काम करती है जो वांछित लक्ष्यों को परिभाषित करती है, और उन लक्ष्यों को पाने के तरीकों की रूपरेखा तैयार करती है।

बड़े सपने देखें, छोटी शुरूआत करें, तेजी से काम करें... यह दृष्टिकोण एक महत्वाकांक्षी दृष्टि के लिए जरूरी है।

## 2025 में रूस सौंपेगा एस-400 की दो यूनिट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख की कमान संभालने के बाद शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने मेक इन इंडिया हथियारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की किसी भी चुनौती से निपटने की खातिर स्वदेशी हथियारों का होना अहम है। सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना के पास 2047 तक देश में निर्मित पूरी इन्वेंट्री होनी चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रूस से अब तक एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयां मिल चुकी हैं। अगले साल बाकी दो इकाइयों को देने का वादा किया है। मीडिया से बातचीत में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है।

## अशोक तंवर ने कांग्रेस में शामिल होने की औपचारिकता की पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हरियाणा के चर्चित नेता एवं पूर्व सांसद अशोक तंवर ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय पहुंच कर पार्टी में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन मौजूद रहे। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को भाजपा नेता अशोक तंवर महेंद्रगढ़ में आयोजित कांग्रेस की चुनावी जनसभा के मंच पर देखे गए थे।

# पाकिस्तान का दौरा करेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इसकी पुष्टि की है। इस बार एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। यह बैठक 15-16 अक्टूबर को होगी। इससे पहले अगस्त में, पाकिस्तान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अक्टूबर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की बैठक में आमंत्रित किया था।



**क्या है विदेश मंत्री एस जयशंकर का पूरा कार्यक्रम?**

**सम्मेलन**

**एससीओ बैठक में लेंगे हिस्सा, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी एससीओ बैठक की जानकारी**

बताया जा रहा है, दो दिनों तक चलने वाले इस बैठक में चीन और रूस जैसे देश भी हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पाकिस्तान में एससीओ की बैठक में क्या-क्या होगा, विदेश मंत्री एस जयशंकर के बाकी का कार्यक्रम कॉया है, इसके बारे में जानकारी बाद में दी जाएगी।

**क्या है एससीओ?**
एससीओ एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखना है। वर्ष 2001 में इसका गठन किया गया था। एससीओ चार्टर पर वर्ष 2002 में हस्ताक्षर किए गए और वर्ष 2003 में इसे लागू किया गया।

**प्रसाद पर विवाद**
## चंद्रबाबू नायडू की झूठी टिप्पणियों से टीटीडी और प्रसादम की पवित्रता को नुकसान पहुंचा है: जगन

# नायडू के झूठ से प्रभावित हुई प्रसाद की पवित्रता: जगन

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती:** तिरुपति लड्डू प्रसादम विवाद पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू नायडू पर जमकर हमला बोला। जगन रेड्डी ने नायडू पर सरासर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें इसके लिए शर्म आनी चाहिए। जगन मोहन रेड्डी ने मामले पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने सीएम चंद्रबाबू नायडू द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया कि उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और राजनीतिक नाटक के लिए धार्मिक मामलों का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है।



**'सरासर झूठ फैला रहे नायडू: जगन**
उन्होंने कहा, 'एसआईटी को भी रोक दिया गया था, जिसका गठन सीएम ने किया था। चंद्रबाबू नायडू की झूठी टिप्पणियों से टीटीडी और प्रसादम की पवित्रता को नुकसान पहुंचा है। यहां तक कि अदालतों ने भी टीटीडी पर आरोप लगाने के लिए सीएम चंद्रबाबू नायडू से सवाल किए।' वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन रेड्डी ने कहा, 'कोर्ट के आदेश के बाद भी उन्हें (सीएम नायडू) झूठी खबर फैलाने के लिए शर्म महसूस करनी चाहिए। वह सरासर झूठ फैला रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि वह सोशल मीडिया पर क्यों पोस्ट कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने वाईएसआरसीपी के प्रति गुस्सा जताया है।'

**सीएम को घेरा**

**मामले की जांच स्वतंत्र एसआईटी से कराने का दिया निर्देश, नायडू पर सरासर झूठ फैलाने का लगाया आरोप**

**कोर्ट ने स्वतंत्र एसआईटी के गठन का दिया आदेश**
जगन रेड्डी ने कहा, 'उनके शासन (2014 से 2019) के दौरान 14 बार टैंकरों को वापस भेजा गया था। प्रसादम के निर्माण के लिए टीटीडी में एक मजबूत प्रणाली लागू की गई है।

गुणवत्ता जांच से गुजरे बिना टैंकरों को उपयोग के लिए प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। उत्पाद का उपयोग करने से पहले तीन परीक्षण किए जाने हैं।

# केजरीवाल ने छोड़ा मुख्यमंत्री आवास....

**नया ठिकाना**

**केजरीवाल परिवार को उनके पुराने घर के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लुटियंस जोन में स्थित अपने नए पते पर जाने के लिए पुराना आवास छोड़कर चले गए हैं। केजरीवाल परिवार समेत मंडी हाउस के पास 5, फिरोजशाह रोड स्थित पार्टी के सदस्य अशोक मित्तल के आधिकारिक आवास के लिए रवाना हुए। इससे पहले केजरीवाल परिवार को उनके पुराने घर के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई, पूर्व सीएम ने भावपूर्ण तरीके से उन्हें गले लगाया। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आवास की चाबियां एक अधिकारी को सौंपी। आप का कहना है, अब जब तक जनता की अदालत में जनता उनकी ईमानदारी पर मुहर लगाकर उन्हें फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाती तब तक अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहेंगे। अरविंद केजरीवाल का नया पता 5, फिरोजशाह रोड होगा।



# ग्रामीण विकास मंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री ने रखी बढ़ई पंचायत भवन की आधारशिला

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला: ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज विकासखंड टुटू के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ई के पंचायत भवन की आधारशिला रखी। ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ई पंचायत भवन का निर्माण कार्य 1 करोड़ 14 लाख रुपए से एक साल के भीतर पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बन रहे नए पंचायत भवन पर



अब 1 करोड़ 14 लाख रुपए तक की राशि खर्च की जा रही है, जिससे पंचायत का एक अच्छा कार्यालय बन कर तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पंचायत भवन निर्माण पर 33 लाख रुपए की राशि व्यय की जाती थी । उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण में इस समय 6 पंचायत घरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ-साथ टुटू विकास खंड कार्यालय का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा, जिस पर लगभग 1 करोड़ 74 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास खंड कार्यालय का निर्माण कार्य 2 साल में पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शिमला ग्रामीण के साथ-साथ कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी है। उनकी दूरदर्शिता की बदौलत आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक गांव सडक सुविधा से जुड़ा है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि गत वर्ष पंचायत घर निर्माण में 47 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी जबकि इस वर्ष अब तक 65 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। ग्रामीण विकास मंत्री ने ग्राम पंचायत बढ़ई में सोलर लाइट लगाने की भी घोषणा की। इसके साथ-साथ क्यारी गांव में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रुपए तथा एक पुल के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

**बनूटी में 64 करोड़ से बनेगा वेलनेस सेंटर:** विक्रमादित्य सिंह लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बढ़ई पंचायत की बहुत पुरानी मांग पूर्ण होने जा रही है। पंचायत घर के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यहां पर सभी को एक अच्छा कार्यालय उपलब्ध होगा।

# राज योगा मेडिटेशन सेंटर द्वारा नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राज योगा मेडिटेशन सेंटर मनाली की संस्था द्वारा लाहौल में नशा निवारण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। केलांग में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि जिला में नशे के बढ़ते प्रचलन के प्रभावी रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर विशेष कर युवा वर्ग को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया और कहा की नशा



मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है।उपायुक्त ने मीडिया से भी आह्वान करते हुए कहा की लोगों को जागरूक करने के लिए अपनी अहम् भूमिका का भी योगदान दें। मनाली केंद्र की कार्यक्रम प्रभारी राज योगनी संध्या बहन ने उपायुक्त का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान उपायुक्त ने जागरूकता वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संध्या बहन ने नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर बताया कि जिला लाहौल स्पीति के विभिन्न ग्राम पंचायत में जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और लोगों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम से पूर्व स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

## बिजली उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया शुरू

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना: विद्युत** उपमंडल थानाकलां के उपभोक्ताओं की घर- घर जाकर केवाईसी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह जानकारी विद्युत उपमंडल थानाकलां के सहायक अभियंता ई. जोगिन्द्र कौशल ने दी। उन्होंने बताया कि केवाईसी की प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक चलेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जब विद्युत कर्मचारी बिल जारी करने के लिए घर आएगा, उस समय केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड और मोबाईल नंबर पहले से ही उपलब्ध रखें। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है, वह भविष्य में विद्युत बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य ने कार्यक्रमों की समीक्षा की

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला: राष्ट्रीय** अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैय्यद शहेजादी ने गत दिवस को अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15-सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सैय्यद शहेजादी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रमइ का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यकों का समग्र कल्याण सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक अवसर बढ़ाए जाएं। उनके समावेशी विकास के लिए योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाज



के सभी वर्गों में आपसी सद्भाव से सदैव ही विकास को भी बल मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में अवगत करवाया गया कि राज्य में उर्दू भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने छठी से आठवीं कक्षा तक चिन्हित स्कूलों में उर्दू भाषा को एच्छिक विषय के रूप में आरम्भ करने का निर्णय लिया है। राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना, मैरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजना और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना भी कार्यान्वित की जा रही है। यह अवगत करवाया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के 28 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं। उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के 3,498 लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए 100.58 करोड़ रुपये के ऋण और 37 लाभार्थियों को 1.63 करोड़ रुपये शैक्षिक ऋण के रूप में प्रदान किए गए हैं। बैठक में अल्संख्यक समुदाय के लिए कार्यान्वित किए जा रहे प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कौशल विकास योजना तथा अन्य कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग की निदेशक किरण भड़ाना ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अभिषेक त्रिवेदी, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आशीष सिंघमार, सचिव ग्रामीण विकास राजेश शर्मा, निदेशक ग्रामीण विकास राघव शर्मा, प्रबन्ध निदेशक अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम प्रदीप ठाकुर, अतिरिक्त निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग मोहन दत्त शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसमें कितना है दम रियलिटी शो में छाई शिवा इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** डीडी पंजाबी के रियलिटी शो किसमे कितना है दम में शिवा विद्यालय की तीन छात्राओं ने भाग लिया था, इस प्रतियोगिता का पहला चरण जिला बिलासपुर में हुआ। जिसमे लगभग पांच सौ से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस तरह अन्य चार चरणों को पार करती हुई तीनों छात्राएं ग्रैंड फिनाले में पहुंच गई। इनका यह फिनाले पंजाब शहर के संगरूर में हुआ। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका गौतम ने प्राप्त किया। अवनी ने नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा साधना ने कला में दूसरा तथा कविता प्रतियोगिता मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में हुई। डीडी पंजाबी टीवी में प्रसारित होने वाले किसमे कितना है दम रियलिटी शो में पूरे नार्थ जोन में वंशिका गौतम के प्रथम तथा अवनि के दूसरे स्थान प्राप्त करने पर इन बच्चों को नकद राशि के साथ सम्मानित किया तथा इन बच्चों को लघु फिल्म व विज्ञापन में भी रोल करने के ऑफर आ रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. शिल्पा गोयल ने बच्चों को बधाई दी। स्कूल प्रबंधक इंजिनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने अभिभावक और बच्चों को बधाई दी।

### 1248 उपभोक्ताओं ने नहीं जमा करवाए 40 लाख रुनये

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** विद्युत बोर्ड उपमंडल ऊना नंबर एक के अधीन आने वाले 1248 उपभोक्ताओं ने 40,42,912 रुपये की बिल राशि जमा नहीं कराई है। ऐसे में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है। विभाग का कहना है कि अगर समय पर बिल अदा न किया गया, तो उपभोक्ताओं को मीटर कनेक्शन से हाथ धोना पड़ सकता है। उपमंडल के अधिकारियों ने बिल को जल्द से जल्द जमा कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। विद्युत उपमंडल ऊना नंबर-एक के सहायक अभियंता ई. दिनेश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के 1248 उपभोक्ताओं ने 4042912 रुपये की बिल राशि जमा नहीं कराई है। ये उपभोक्ता पिछले एक माह से बिजली का बिल जमा नहीं कर पाए हैं। ऐसे उपभोक्ता शहर से बाहर रह रहें हैं, वे अपने बिल इस माह आठ अक्तूबर तक जमा करवा दें। ताकि बिजली का कनेक्शन न कट सके। अन्यथा बिना नोटिस दिए बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। कर्मचारियों की कमी होने के कारण कटे हुए कनेक्शन को दोबारा जोड? में समय लग सकता है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जीसी दौलतपुर चौक में वन्य जीव पर व्याख्यान आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना: जीसी** दौलतपुर चौक में कॅरियर काउंसिल एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा वन्य जीवन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में डीएफओ सुनील राणा ने शिरकत की, जबकि प्राचार्य डॉ युद्धवीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि डीएफओ सुनील राणा ने वन्य जीवन के महत्व और संरक्षण के बारे में प्रभावशाली जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन्य जीवन बहुमूल्य संसाधन है तथा इनका संरक्षण हमारे पर्यावरण हित के लिए बड़ा जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि छात्रों एवं आम नागरिकों को वन्य संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर डॉ रमन चौधरी, डॉक्टर मनोज कोहल, डॉ सुनील रियात, डॉ निधि शर्मा, प्रो. अर्श राणा सहित इत्यादि उपस्थित रहे।

### वी ने नवरात्रि के दौरान वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाया ट्रैवल डोजियर

**शिमला:** नवरात्रि के दौरान वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए जाने-माने माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने वी वेबसाईट पर वेबपेज के रूप में ट्रैवल डोजियर तैयार किया है।जिस पर यात्रा संबंधी सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी।इसे पीडीएफ के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है,और इस तरह तीर्थ यात्री हर जरूरी जानकारी ऑफलाईन भी पा सकते हैं।गौरतलब है कि जम्मू में केवल पोस्टपेड सेवाएं ही काम करती हैं, ऐसे में कटरा जाने वाले बहुत से प्रीपेड उपभोक्ताओं को इंटरनेट सेवाएं नहीं मिल पातीं।तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष वेब पेज इस वेब पेज पर वैष्णो देवी यात्रा से संबंधित सभी जरूरी जानकारी दी गई है, ताकि तीर्थ यात्रियों को कोई परेशानी न हो।इसमें अस्पतालों, पुलिस स्टेशन, अन्य एमरजेन्सी सेवाओं के नंबर, स्टे बुकिंग और दर्शन से जुड़ी जरूरी जानकारी तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

ऑफलाईन एक्सेस के लिए डाउनलोड किया जा सकने वाला पीडीएफ :जम्मू-कश्मीर में कनेक्टिविटी (खास तौर पर अन्य क्षेत्रों के प्रीपेड सिम) से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, वी ने एक पीडीएफ डॉक्यूमेन्ट उपलब्ध कराया है, जिसे डाउनलोड करन के बाद ऑफलाईन एक्सेस किया जा सकता है।इस तरह इंटरनेट कनेक्शन न होने पर भी यात्री जरूरी जानकारी एक्सेस कर सकते हैं।

# मशोबरा स्कूल में 280 शब्दकोश किए वितरित



टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला:** उपायुक्त अनुपम कश्यप ने अपना विद्यालय-द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्रोम के तहत गोद लिए हुए राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा में शुक्रवार को बच्चों को शब्दकोश वितरित करवाए। खंड विकास अधिकारी अंकित कोटिया ने आज मशोबरा स्कूल में जाकर सभी छात्रों को शब्दकोश वितरित किए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों और समाज के बीच बेहतर समन्वय सहित सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अपना विद्यालय-द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्रोम चलाया गया है, जिसमें जिला के अधिकारियों ने एक-एक स्कूल को गोद लिया है।

मशोबरा स्कूल के 273 बच्चों को ये शब्दकोश दिया गया है। इसके अलावा 7 शब्दकोश स्कूल की लाइब्रेरी में रखने के लिए दिए गए है। इन सभी शब्दकोश का खर्च उपायुक्त ने अपने वेतन से किया है। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हिंदी के 280 शब्दकोश उपायुक्त ने 70 हजार रुपये में खरीद कर स्कूली बच्चों में वितरित करवाए है।

अपना विद्यालय-द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत गोद लिए मशोबरा स्कूल में उपायुक्त ने 24 सितंबर को दौरा किया था। इस दौरान उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बच्चों से वादा किया था कि हर बच्चे को शब्दकोश गिफ्ट करेंगे ताकि वह अपने दैनिक जीवन में हर दिन नए शब्द सीख सके। उपायुक्त ने बच्चों से कहा था कि मोबाईल पर बच्चों की निर्भरता बढ़ती जा रही है जबकि किताबे पढ? की आदत हमेशा लाभकारी रहती है। किताबों की तरफ ही बच्चों को अधिक ध्यान देना चाहिए।उपायुक्त ने स्कूली स्टाफ को निर्देश दिए है कि शब्दकोश से रोजाना बच्चों को नए शब्द याद करने के लिए दिए जाए। फिर बच्चों में शब्दकोश के शब्दों को लेकर प्रतियोगिताएं भी करवाई जाए ताकि बच्चों में शब्दकोश को एक विषय के तौर पर पढने की आदत पड़ जाए। भाषा की मजबूती का आधार शब्दकोश से होता है।

## सुक्खू सरकार ने पंजीकृत कामगारों की सुविधाएं की बहाल

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** प्रदेश सरकार के पूर्व सीएम स्वर्गीय वीरभद्र सिंह युग में भवन एवं सन्निर्माण मनरेगा कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत कामगारों को दी जाने वाली सुविधाएं सुक्खु सरकार ने बहाल कर दी। जोकि भाजपा की सरकार ने ठप कर दी थी। यह बात हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य कामगर मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगतराम ने कही। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र युग में बोर्ड से जुड़े कामगारों को 13 प्रकार के लाभ दिए गए। मोदी और जयराम सरकार ने जाते-जाते गलत आदेश देकर बोर्ड के साथ जुड़े मजदूरों की सुविधाएं बंद कर दी।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया जिला बार संघ का दौरा

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** जिला बार संघ ने हिमाचल दौरे पर आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। बार संघ के सदस्यों ने जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत किया। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा को टोपी और शॉल पहना कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने बिलासपुर बाहर से जुड़े हुए संस्मरणों को भी सांझा किया। उन्होंने बिलासपुर बार में महिलाओं की संख्या में हो रही



वृद्धि को लेकर कहा की महिला सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार भी पूरा जोर दे रही है और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ा रही है। कानून के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी बहुत ही बहुत ही सराहनीय कार्य है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने जिला बार संघ को आश्वासन दिया है कि जो भी कार्य उनके करने के दायरे में होगा वह उसे अवश्य पूरा करेंगे और कोई भी उनसे अपनी समस्या को लेकर किसी भी समय मिल सकता है।

इस अवसर पर जिला सेशन जज चिराग भानु और सेवानिवृत सेशन जज पुर्नेद्र वैद्य सहित अन्य सभी जिला जज व सभी बार संघ के सदस्य एडवोकेट्स मौजूद रहे।

# केवल सुक्खू सरकार को कोसने तक सीमित रहा नड्डा का दौरा: संदीप

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** एक देश में मन की बात से बाहर नहीं निकल पा रहा है जबकि अन्य शागिर्द गली-गली घूम कर कम से कम यह तो साबित कर चुके हैं कि बातों में इनका कोई सानी नहीं है। जनता को लच्छेदार बातों से किस प्रकार से मूर्ख बनाया जा सकता है, यह तो कोई इन से सीखे। शुक्रवार को नेशनल लेवल के दो सर्वोच्च औहदों पर आसीन बिलासपुर के जगत प्रकाश नड्डा यहां आए तो इन्होंने भी केवल सुक्खू और सुक्खू सरकार का ही गुणगान करने में जनता को दिखा दिया कि हिमाचल प्रदेश में कोई मजबूत सरकार काम कर रही है। जिस टैक्स की यह बात कर परिहास उड़ाने की बात कर रहे हैं,



उस आदेश को इंप्लीमेंट होने से पूर्व ही आईपीएच मिनिस्टर मुकेश अग्निहोत्री निरस्त कर चुके हैं। अगर हिमाचल की सरकार वास्तव में आरोपों के कटघरे में होती तो पिछले उपचुनावों में भाजपा को मुंह की न खाने पड़ती है। यह बात कांग्रेस मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कही। उन्होंने कहा कि नड्डा प्रदेश सरकार को कोसने से बेहतर होता कि कुछ राहत हिमाचल को देकर जाते। संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहली बार केंद्र में भाजपा व उनके सहयोगियों की सरकार बनने के बाद बिलासपुर आए लेकिन उन्होंने सिर्फ प्रदेश की सरकार को कोसने के सिवा कोई अन्य काम नहीं कियाए जबकि बेहतर होता कि साल 2014 से केंद्र में उनकी सरकार है और अब तीसरी मर्तबा उनकी सरकार बनी है तो वह ऐसे में हिमाचल प्रदेश के लोंगो के लिए कोई नई सौगात ले कर आते। संदीप सांख्यान ने एक बार फिर से प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को बताना चाहिए कि हिमाचल प्रदेश में फरवरी माह में हिमाचल प्रदेश सरकार को गिराने में जो षड्यंत्र रचा गया था, उसके पीछे किसकी भूमिका थी, नड्डा को बताना चाहिए था कि निर्दलीय विधायकों से इस्तीफे क्यों दिलवाए गए। नड्डा को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल किए गए विधायकों को टिकट देते समय उनको भाजपा की विचारधारा और भाजपा के नेताजी और कार्यकर्ताओं की याद क्यों नहीं आई।

संदीप सांख्यान ने कहा कि उनको बताना चाहिए कि हिमाचल प्रदेश को नौ विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनावों में किसने धकेला। संदीप सांख्यान ने हिमाचल प्रदेश की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि भाजपा के रचे षडयंत्रो के बाबजूद भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार 40 सीटों पर पुनः खड़ी है।

# पुलिस जिला बद्दी की कप्तान ने किया महाविद्यालय नालागढ़ का दौरा

## अवैध नशीले पदार्थो पर रोकथाम के लिये विद्यार्थियों एव स्थानीय निवासियों से मांगा सहयोग

टीम एक्शन इंडिया
जोगिन्द्र चन्देल

**बद्दी: पुलिस** जिला बद्दी की पुलिस कप्तान एसपी कुमारी इल्मा अ$फरोज ने आज पुलिस थाना नालागढ़ की टीम के साथ राजकिय महाविद्यालय नालागढ़ का दौरा किया। एसपी इल्मा अ$फरोज के साथ नालागढ़ पुलिस टीम के बेहद अनुभवी एसएचऔ राकेश रॉय, एसआई गोविन्द राम, एएसआई मोहन, कांस्टेबल मुकेश कुमार, पंकज, गुरचरण, राकेश एव अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छोत्रों एव



अध्यापको नें पुलिस कप्तान एव उनकी टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जिसमें कि युवा छात्रों का उत्साह देखने योगय था। इस दौरान एसपी अफ?ोज ने अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम के विषेश मुद्दों पर से संवाद किया साथ ही पुलिस अधीक्षक इल्मा अफ?ोज ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुये अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया । पुलिस कप्तान ने छात्रों एव अध्यापकों को जानकारी देते हुये बताया कि एसपी कार्यालय में शनिवार सुबह 09:&0 बजे से 11:&0 बजे तक वह विशेष रूप से महिलाओं के लिये उपस्थित रहती है जहा उनके एव महिला पुलिसकमीर्यो द्वारा महिलाओं को किया जा रहा शोषण व किसी भी प्रकार की पीड़ितों की समस्याओं को सुना जाता है जिसे स्टाफ की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा पीड़ितों की समस्यों का निस्तारण किया जाता है। एसपी अफ?ोज ने युवा छात्रों एव माहविद्यालय प्रबंधन के साथ- साथ स्थानिय निवासियों से भी आग्रह किया कि वह सब साथ मिलकर नशे के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का सहयोग दें और अवैध नशीले पदार्थों से संबंधित जानकारी पुलिस से साझा करें ताकि क्षेत्र में फैल रहे नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके इस अवसर पर पुलिस कप्तान ने सभी के साथ बद्दी पुलिस के फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम अकाउंटस् को साझा किया एव उनसे जुड? के लिए प्रोत्साहित भी किया जिसमें वह गुप्त रूप से संदेश और जानकारी भेज सकते हैं । एसपी ने यह भी आश्वासन दिया कि जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी ।

# जाइका कृषि परियोजना में अधिक अधिक से सिंचाई योजनाओं का निर्माण शुरू: डॉ. सुनील

टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2, के परियोजना निदेशक डॉ सुनील चौहान ने बताया कि हिमाचल की 296 सिंचाई योजनाओं में से 150 पर निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया है। इस तरह से परियोजना में आधे से अधिक सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य होने लगा है, जोकि किसी भी परियोजना के लिए एक मील का पत्थर है।

डॉ. चौहान 4 अक्टूबर (शुक्रवार) से चार दिन चलने



वाली प्रदेश के चारों जिला परियोजना प्रबंधक इकाइयों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परियोजना के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर और वरिष्ठ सलाहकार बलजीत सिंह संधू की मौजदीगी में बताया कि परियोजना में अब तक 280 सिंचाई योजनाए का सर्वे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनकर तैयार हो गई हैं। उन्होंने ये भी बताया कि इसी बीच 22 सिंचाई योजनाए बनकर तैयार हो गई हैं उनमें से 9 को कृषक विकास

# उपायुक्त ने की कल्याण विभाग की विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी: उपायुक्त मंडी** अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कल्याण विभाग के तहत आने वाली विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत गठित जिला मंडी की स्थानीय स्तर की समिति, अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समिति, मैनुअल स्कैवेंजर्स (हाथ से मैला ढोना) एक्ट 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति, अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के




अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति और दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2015 के अंतर्गत जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति के कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने इस दौरान विभागीय अधिकारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर बल देते हुए आने वाले समय में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं का लाभ आम नागरिक तक पहुंचाया जा सके। बैठक में उन्होंने सभी नगर निकाय अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों की नियमित समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने और सफाई कर्मियों को साफ-सफाई के लिए ग्लब्ज, मास्क इत्यादि उपलब्ध करवाने और इन्हें पहनकर ही कर्मियों को सफाई कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति योजना के लिए आवेदनों की कम संख्या को देखते हुए उपनिदेशक शिक्षा को इसकी रिपोर्ट देने और योजना की जानकारी पात्रों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।उन्होंने बताया कि मंडी जिला में 13,993 पुराने दिव्यांगता प्रमाण पत्रों में से 12,195 के यूडीआईडी कार्ड जनरेट किए जा चुके हैं। जबकि 10573 नए आवेदनों में से 5226 के यूडीआईडी कार्ड जनरेट हुए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड जनरेट करने के कार्य को समयबद्ध पूरा करने निर्देश दिए ताकि दिव्यांग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिव्यांगों की दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए पुनः दिव्यांगता अवलोकन कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 सीमित संरक्षकता की जानकारी दी जाएगी।

# स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर उद्यमी बन रहीं बल्ह की महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी: सिलाई** कढ़ाई के कार्य हों या सीरा-बडि?ां बनाने की विधि, महिलाएं इनमें पारंगत मानी जाती हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी यह कला उनमें स्वभाविक तौर पर विद्यमान रहती है। इन्हीं महिलाओं ने जब अपनी इस कला में और निखार लाया तो, आज वे एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित हो चुकी हैं।हम बात कर रहे हैं बल्ह क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की। सूर्या स्वयं सहायता समूह भडयाल की प्रधान पूजा वालिया बताती हैं कि गेहूं से तैयार होने वाला स्वादिष्ट सीरा और कचालू की बडि?ां यूं तो अरसे से वे बना रहीं थीं। समूह से जुड? के बाद अब इसे व्यवसायिक तौर पर उत्पादित करना शुरू किया है। घरेलू



जिम्मेवारियों के साथ-साथ सिलाई का कार्य भी वे कर रही हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से 50 हजार रुपए का ऋण प्राप्त किया, जिससे दो सिलाई मशीनें खरीदी हैं।सूर्या समूह की सचिव सुनीता ने बताया कि उनके समूह की चार सदस्य सीरा-बडि?ां बनाने तथा दो सिलाई-बुनाई का कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त दुधारू पशु भी पाल रही हैं। समूह की सदस्यों को सालाना एक से डेढ़ लाख रुपए तक की आमदनी हो जाती है। इससे वे आर्थिक तौर पर भी सुरक्षित महसूस कर रही हैं। बाला कामेश्वर स्वयं सहायता समूह भडयाल की सचिव मीना ने बताया कि वे स्वैटर बुनने का कार्य करती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडियों के स्थानांतरण से यातायात होगा व्यवस्थित : उपायुक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला: शिमला** शहर से सब्जी मंडी, अनाज मंडी, लक्कड़ मंडी और मोटर मार्केट को शहर से बाहर स्थानातरिंत करने को लेकर आज यहां उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि शहर से सब्जी मंडी, अनाज मंडी, लक्कड़ मंडी और ट्रांसपोर्ट को बाहर स्थानांतरित करने की दिशा में प्रशासन प्रयासरत है। इसके लिए भविष्य की दृष्टि से भूमि का चयन होना बहुत जरूरी है। हर दिन शहर में वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं बाजारों के कारण यातायात व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन के समक्ष एक बड़ी चुनौती रहती है। ऐसे में कई बाजार जो कार्ट रोड़ के साथ सटे हुए है, उन्हें स्थानांतरित करने की योजना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सब्जी मंडी के स्थानांतरण के लिए शोघी के आसपास भूमि का चयन किया जाए ताकि भविष्य में फोरलेन भी सब्जी मंडी के नजदीक रहे और शहर में वाहनों की आवाजाही पर भी नियंत्रण लग सके। उपायुक्त ने कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर संभावित भूमि का राजस्व रिकार्ड तैयार किया जाएगा। इसके बाद बैठक में विभिन्न मंडियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन भी स्थानों पर नई मंडियां बनाई जाएगी, वहां मुख्य मार्ग पर प्रवेश और निकासी अलग रहेगी ताकि मंडी में किसी प्रकार की यातायात संबधी समस्या पैदा न हो।

**छोटी-छोटी मोटर मार्केट स्थानातरण होने से शिमला में विकसित होगी एक बड़ी मोटर मार्केट:** उपायुक्त ने शिमला शहर में मोटर मार्केट के लिए भी कोई चिन्हित स्थान का चयन करने के निर्देश दिए है। शहर के चारों तरफ छोटी-छोटी मोटर मार्केट है। ऐसे में एक बड़े क्षेत्र में शहर की सबसे बड़ी मोर्टर मार्केट विकसित करने की दिशा में प्रशासन प्रयास कर रहा है ताकि शहर की मोटर मार्केट एक ही जगह पर स्थानांतरित हो सके। टिम्बर मंडी को ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जहां पर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही आसानी से हो सके। बैठक में दाड?ी के बगीचे में सब्जी मंडी के स्थानांतरण के प्रस्ताव की जगह नए भूमि के विकल्प तलाशने के निर्देश दिए गए है। शिमला व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने मंडियों के स्थानांतरण को लेकर अपने सुझाव बैठक में रखे।इस बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त भूपिंद्र अत्री,एसडीएम शिमला शहरी भानू गुप्ता, एसडीएम शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल शर्मा, शिमला व्यापार मंडल से हरजीत कुमार और विशाल सूद सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### चम्बा-पठानकोट एनएच पर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद चंबा:** चम्बा-पठानकोट एनएच पर शुक्रवार सुबह सीमेंट से लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान छिंदू निवासी गांव सतनाला डाकघर मसरुंड तहसील व जिला चम्बा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लिया है तथा मेडिकल कॉलेज चम्बा पहुंचा दिया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के विस्तृत कारणों की जांच भी आरंभ कर दी है। बताया जा रहा है कि ट्रक में सीमेंट लोढ़ था जिसे पठानकोट से चम्बा की ओर लाया जा रहा था। जब वह चनेड़ के समीप हडोठा नामक स्थान पर पहुंचा तो अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर एनएच से लुढकते हुए नीचे डाडरी लिंक रोड पर जा गिरा। जिसके परिणामस्वरूप ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक गिरने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तथा लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

# प्रदेश में 'शौचालय कर' का कोई प्रस्ताव नहीं: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हिमाचल प्रदेश में 'शौचालय करइ लगाए जाने के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस तरह की बेतुकी और आधारहीन बयानबाजी करने से परहेज किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। इस तरह के मुद्दों को राजनीतिक लाभ लेने के लिए राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए, विशेकर उस स्थिति में जब आरोप वास्तविकता से परे हों। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने 5,000 करोड़ की रेवडि?ां बांटीं जिसमें मुफ्त पानी की घोषणा भी शामिल थी। लेकिन भाजपा के इन लोक-लुभावन वादों को अधिमान न देते हुए प्रदेश की प्रबुद्ध जनता ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया जिसके फलस्वरूप एक मजबूत सरकार का गठन हुआ।

# आदर्श शिक्षा महाविद्यालय में नये प्रशिक्षुओं के आगमन पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर: आदर्श शिक्षा** महाविद्यालय में सत्र 2024.2026 के प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर कॉलेज के अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा तथा प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत कालेज प्रधानाचार्य डॉक्टर आशीष शर्मा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके की गइ। प्रधानाचार्य द्वारा कॉलेज में नामांकित छात्रों का सहर्ष



स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मूलरूप से नामांकित छात्रों को संस्थान से समन्वय स्थापित कराने के साथ ही उन्हें संस्थान से जुड़े नियमए अनुशासन व संस्थान में उनकी भावी भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान उन्होंने बेहतर भविष्य बनाने के लिए छात्रों को उनके लक्ष्य निर्धारित करने के साथ.साथ लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहने पर विशेष बल दिया।

### फोरलेन समस्याओं का निपटारा तुरंत करें: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** शिमला में कैथलीघाट से ढली फोरलेन निर्माण से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। उपायुक्त ने एनएचएआई और निर्माण कार्य कंपनी को निर्देश दिए है कि मौके पर अगर किसी मुद्दे का समाधान एक सप्ताह के भीतर नहीं हो पाता है, तो ऐसे मुद्दे तुरंत उपमंडलाधिकारी (ना.) शिमला ग्रामीण के ध्यान में लाना अनिवार्य होगा। उपायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रभावितों की समस्या के निराकरण के लिए कंपनी और एनएचएआई दोनों सक्रियता दिखाए।

# बिलासपुर स्पोटर्स हॉस्टल के खिलाड़ियों ने जीती ऑल रांउड द बैस्ट का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर: जिले** के बस्सी में संपन्न हुई अंडर-19 स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में बिलासपुर खेल छात्रावास के खिलाडि?ों ने अपनी हुनर का प्रदर्शन कर आल राउंड बेस्ट का खिताब अपने नाम किया है। हॉस्टल प्रभारी मनोज ठाकुर ने बताया कि हॉस्टल पहुंचने पर इन मेद्यावी खिलाडि?ों को भव्य स्वागत किया गया। जिला खेल अधिकारी रवि शंकर ने खिलाडि?ों की हौंसला अफजाई की। मनोज ठाकुर ने बताया कि



चार सौ और आठ सौ मीटर रेस में पलक ने दो गोल्ड, 15सौ और तीन हजार मीटर दौड़ में सबीना ने दो गोल्ड, अन्नया ने सौ और दो सौ मीटर में दो ब्राउंज, वशिंका ने 15सौ मीटर में एक सिल्वर, चार-चार सौ मीटर रिले रेस में और चार, सौ मीटर रेस में सिल्वर मैडल जीते। वहीं लड़कियों ने विभिन्न इवेंटस में चार गोल्ड, तीन सिल्वर और एक ब्राउंज जीते जबकि लडकों में मनिक ने दो सौ मीटर में एक गोल्ड, प्रखर ने सौ मीटर के एक सिल्वर, हॉफ स्टैप जंप में विनय ने सिल्वर , चार और आठ सौ मीटर में विनय ने दो सिल्वर मैडल अपने नाम किए।

### टॉयलेट पर टैक्स लगाना दिमागी अस्वस्थता की निशानी है: बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** डॉ. राजीव बिन्दल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हिमाचल प्रदेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस की सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सरकार टैक्स लगाने वाली सरकार और संस्थानों की तालाबंदी करने वाली सरकार के रूप में जानी जाएगी। सत्ता में आते ही सुखविन्द्र सरकार ने डीजल पर 7 रू0 प्रति लीटर वैट लगाया, स्टैम्प ड्यूटी को 500 प्रतिशत तक बढ़ाया, एचआरटीसी के किराये में भारी बढ़ोतरी की, ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी पर टैक्स लगाया, शहरी क्षेत्रों में पानी की दरों में भारी वृद्धि की, बिजली की दरों में 40 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि की, घरेलू, औद्योगिक और व्यवसायिक बिजली पर टैक्स लगाकर महंगा किया।

# देवगणों ने बैंकुठ धाम जाकर लगाई गुहार



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर:** शहर के रौड़ा सेक्टर में बीती रात श्री राम नाटक समिति रौड़ा सेक्टर में राम लीला शुरू हो गई। बास्केट बॉल स्टेडियम के समीप चल रहे इस आयोजन का शुभारंभ नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष एवं संस्था के मुख्य संरक्षक कमलेंद्र कश्यप ने द्वीप प्रज्जवलित करके किया। जबकि पूर्व प्रधान अविनाश कपूर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समिति के प्रधान कृष्ण कांत आचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि नगर परिषद अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने कहा कि रामायण से हमें जीवन को सही कायदे से जीने की कला सीखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि रामायण की शिक्षाओं तथा प्रभु राम जी द्वारा बताए गए रास्तों पर यदि चला जाए तो जीवन धन्य हो जाएगा। वहीं पहले दिन के पहले सीन में विष्णु लोक, कैलाश पर्वत और मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार दृष्य दिखाए गए। पहले दृष्य में लंका के राजा रावण के आंतक से भयभीत सभी देवी देवता भगवान विष्णु के दरबार में गुहार लगाते हैं। भगवान विष्णु उन्हें आश्वासन देते हैं कि वे अयोध्या नरेश दशरथ के यहां राम के रूप में अवतरित होंगे और इस दुष्ट का अंत करेंगे। इस दृश्य में भगवान विष्णु का किरदार समिति के वरिष्ठ कलाकार सोहन पुंडीर ने निभाया जबकि लक्ष्मी का अनुभव किया। इस दृश्य में ब्रह्मा शुभम, इंद्र इतिन हांडा,वरुण शिवांश, वायु माधव, अग्नि शिवम, गणेश सक्षम, नारद कृतज्ञ आचार्य, धरती राघव, कुबेर साहिल, यम शिवेश हांडा बने। दूसरे दृष्य में भगवान शंकर ने रावण का अभिमान तोड़ा। इस दृष्य में रावण का सशक्त अभिनय कर रहे राजन शांडिल की अदाकारी देखने के लिए लोग दूर-दूर से आए थे। अपनी दमदार आवाज और बेहतरीन अदाकारी से राजन ने दर्शकों को निराश नहीं किया। इस दृष्य में रावण बने राजन शांडिल ने अपने अभिनय से भरपूर न्याय किया। इस दृश्य में मारीच का अभिनय शिवांश, नंदी का शिवेश हांडा तथा रमन ने शंकर का अभिनय किया। प्रथम संध्या के अंतिम दृश्य में दशरथ के हाथों अक्समात श्रवण कुमार की मृत्यु हो जाती है।

# गांधीवादी विचारधारा ने देश को दिया सत्य व अहिंसा का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी: राष्ट्रपिता** महात्मा गांधीजी की जयंती पर राजनीति विज्ञान विभाग राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला ने राजीव गांधी स्टडी सर्कल हिमाचल प्रदेश के सहयोग से गांधी जी भूतकाल वर्तमान तथा भविष्य विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेवीनार का आयोजन किया। वेविनार में मुख्यातिथि तथा मुख्यवक्ता के तौर पर महात्मा गांधी अध्ययन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष था राजीव गांधी स्टडी सर्कल के राष्ट्रीय कोडिनेटर प्रोफेसर सतीश कुमार राय ने भाग लिया। प्रो राय ने अपने विस्तृत व्याख्यान में गांधी जी की




जीवन यात्रा से शुरू करते हुए उन घटनाओं का जिक्र किया जिन्होंने एक शमीर्ले मोहनदास को महात्मा गांधी में परिवर्तित कर दिया। उन्होने आजादी के संघर्ष में गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के अस्त्रों के मनोवैज्ञानिक प्रभावो की भी विवेचना की। प्रो राय ने गांधी जी के ग्रामीण स्वराज या राम राज्य की परिक्पना को तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके विचारों को वर्तमान समय के लिय ओर भविष्य के लिय भी उपयोगी बताया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि राजनीति विज्ञान विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रो रमेश चौहान ने प्रो सतीष कुमार राय जी को गांधीवाद पर वर्तमान समय का सबसे बड़ा विद्वान बताया। अपने व्याख्यान में उन्होने गांधी जी के अहिंसा के सिद्धांत को संघर्षों में लीन वर्तमान विश्व के लिय अत्यन्त आवश्यक बताया। कार्यकर्म की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल चौहान ने देश भर के महाविद्यालयों ओर विश्वविद्यालयों से आए प्राध्यापकों का स्वागत किया। कार्यकर्म का संचालन डॉक्टर अजय गर्ग, प्रो प्रतिभा ठाकुर तथा प्रो अंजना ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव पारित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉक्टर पीडी कौशल ने कार्यकर्म की समाप्ति की।

# घुमारवीं में कैबिनेट मंत्री राजेश धमार्णी ने किया राम लीला का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर: उतरी** भारत में शारदीय नवरात्रों में खेली जाने वाली श्रीराम लीला का बीती शाम शुभारंभ हो गया। इसी कड़ी के तहत घुमारवीं में आदर्श रामलीला नाटक समिति घुमारवीं में रामलीला मंचन का भी भव्य तरीके से शुरू हुआ। प्रथम संध्या में स्थानीय विधायक एवं नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धमार्णी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने भव्य आयोजन को लेकर समिति के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि प्रभु राम के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में ढालने से ही सही मायनों में राम



लीला के मायने सार्थक होते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि बाल्मीकि जी द्वारा आदि काल में लिखे गए इस काव्य में गृहस्थ जीवन जीने की सभी कलाएं आज भी प्रासंगिक है। माता पिता की आज्ञा का पालन, भाईयों में प्रेम, ऊंच नीच से परे सभी वर्गों से प्रेम रखना और दुष्टों से दूरी सब कुछ रामायण में इंगित है। ऐसे में भी को भगवान राम के जीवन के आदर्शों को अपनाना चाहिए। आयोजकों द्वारा सबसे पहले इस राम नाटक के जनक एवं प्रणेता प्रेम टेस्सू, कृष्णानंद शास्त्री और नीलाक्ष गुप्ता द्वारा बहुत समय पहले उनके द्वारा निभाए किरदारों को याद किया। रामलीला के प्रथम दिन देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से अवतार लेने का आह्वान करना, नारद द्वारा कामदेव को हराना, विश्व मोहिनी स्वयंवर में नारद का शिवगणों द्वारा उपहास उड़ाना, क्रोधित होकर नारद का भगवन विष्णु को श्राप देना, रावण द्वारा कैलाश उठाने का प्रयास करना और रावण वेदवती की दृश्य दर्शाए गए। जिसमें कलाकारों ने अपनी मेहनत का पूरा प्रदर्शन कर दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। इस दौरान विष्णु का अभिनय अभिषेक टेस्सू, लक्ष्मी राहुल राणा, नारद भुवनेश गौतम, ब्रह्मा रविंद्र शर्मा, इंद्र सुरेश धीमान, अग्निदेव सुशील उप्पल, वरुण जगरनाथ राणा, धरती अंकुर, कुबेर ज्योति शर्मा, यम मोहित शर्मा, वायु अभिषेक राणा, कामदेव जगरनाथ राणा, रंभा रविंद्र कुमार, शीलनिधि अरविन्द कुमार, शिव राहुल उप्पल, नंदी केतन शर्मा, मारीच हंसराज, वेदवती विशाल शर्मा और रावण का किरदार ज्योति प्रकाश ने निभाया। समिति के प्रधान संजय कुमार शर्मा ने बताया कि श्री राम नाटक मंचन कार्यक्रम हर शाम नौ बजे शुरू होता है तथा इस बार दशहरे का आयोजन भी किया जाएगा।

# हनुमान अखाड़ा लखनपुर के छह पहलवान स्टेट लेवल पर दिखाएंगे दमखम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर:** हनुमान अखाड़ा लखनपुर बिलासपुर के 6 पहलवानों ने जिला अंडर 19 कुश्ती प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण पदक जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पहलवानों के बेहतरीन प्रदर्शन पर अकादमी में पहलवानों का भव्य स्वागत किया गया। पहलवानों के कोच बलबीर ठाकुर ने बताया कि 57 किलो भर वर्ग में रोहित और 74 भार वर्ग में अभय तथा 79 भार वर्ग में



लक्की ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। उन्होंने बताया 86 किलो भार वर्ग में पीयूष और 92 किलो भार वर्ग में साहिल तथा 125 किलो भार वर्ग में गौरव पहलवान ने स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने बताया सभी पहलवानों का चयन राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्वर्ण पदक जीतने पर कुश्ती प्रेमियों ने बधाई प्रेषित करते हुए इन पहलवानों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संपादकीय

# देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

**माँ** प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में ह्लया देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमःह्व कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है।

हमारी भाषा में निकटता के लिए उप शब्द का प्रयोग हुआ है। उप बड़ा प्यारा है। इसी से उपनिषद बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ उप-वास निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में नियम से भोजन करने को व्रत हा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं। ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो। (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में जल माताएं आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैः विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया हैः तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं।

# आतंकी से हमदर्दी कोई राजनीति है या साजिश!



-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> "इस वक्त भारत बड़े खतरनाक दौर में है। हिंदू और मुसलमान में विभाजन गहराता जा रहा है। मुसलमान को दूसरे मजहब और समुदाय की चिंताओं और दुरावस्थाओं से कोई सरोकार नहीं है। कई राज्यों में मंदिर बनाम अवैध मस्जिद के विवाद उग्र होते जा रहे हैं। हालात यहां तक सांप्रदायिक हो गए हैं कि हिजबुल्लाह का घोषित, घोर आतंकी सरगना नसरल्लाह भारत के मुसलमानों को अपना भाई, दिलों का राजा लगता है। छोटे-छोटे बच्चों के मुंह से नारे बुलवाए गए-एक नसरल्लाह मारोगे, हर घर से नसरल्लाह निकलेगा। अमेरिका को आग लगा दोङ्घअमरीका मुर्दाबाद के नारे भी गूंज रहे थे। यह सिलसिला कश्मीर घाटी से उप्र के लखनऊ और सुलतानपुर तक और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक में जारी रहा"

**बीते** दिनों इजरायल के हमले में लेबनान में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत हो गई थी। इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के साथ-साथ उसके सभी कमांडरों और ऑपरेटिव्स को भी मार गिराया है। इस तरह से हिजबुल्लाह अब एकदम बर्बाद हो चुका है। नसरल्लाह की मौत के बाद इजरायल की सेना ने हिजबुल्लाह के कई प्रमुख लोगों का हमले में मार गिराया है। जिस समय नसरल्लाह मारा गया उस समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव चल रहा था।

नसरल्लाह की हत्या के विरोध में कश्मीर घाटी और करगिल जिले में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने हत्या की निंदा की और श्रीनगर से लोकसभा सदस्य आगा रूहुल्लाह, पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती और पूर्व मंत्री इमरान अंसारी ने हत्या के मद्देनजर अपना चुनाव प्रचार बंद कर दिया। क्योंकि नसरल्लाह को शहीद कर दिया गया। श्रीनगर, बडगाम, कारगिल में व्यापक स्तर पर मातम मनाया गया। काले कपड़े पहन कर एक भीड़ ने अपनी छाती पीट कर स्यापा किया। लोग बिलख-बिलख कर रोते नजर आए।

कश्मीर घाटी और लद्दाख के कारगिल के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए। रैनावारी, आलमगरी बाजार, लाल बाजार, पट्टन, बडगाम और कारगिल के कुछ इलाकों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आईं। भीड़ के हाथों में नसरल्लाह की तस्वीरें थामी गई थीं। लोग ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता खामनेई के जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, लेबनान और गाजा के शहीदों, खासकर हसन नसरल्लाह के साथ एकजुटता में कल अपना अभियान रद्द कर रही हूं। हम इस दुख और अनुकरणीय प्रतिरोध की घड़ी में फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं। रूहुल्लाह ने लिखा, अपना अभियान बंद कर रहा हूं।पट्टन से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री इमरान अंसारी ने लिखा, एक शेर शहीद हो गया, उसकी दहाड़ अभी भी बाकी है। हर धड़कन में उसका संघर्ष कायम है। मैं शहीद सैयद हसन नसरल्ला के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देने के लिए सभी प्रचार गतिविधियों को स्थगित कर रहा हूं। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने लिखा, शहीद सैयद हसन नसरल्लाह की सर्वोच्च शहादत पर शोक व्यक्त करता हूं। अल्लाह उनकी आत्मा को शांति दे और हमें अत्याचारियों के खिलाफ उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करे। हुर्रियत प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक से जुड़ी संस्था मीरवाइज मंजिल ने भी नसरल्लाह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, शहीद मरते नहीं। वे प्रेरणा के रूप में हमारे दिलों में जीवित रहते हैं। सोनावारी से एनसी उम्मीदवार हिलाल अकबर लोन ने भी अपना अभियान रद्द करते हुए कहा, सैयद हसन नसरल्लाह की शहादत के कारण कल के हमारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। हमारा दिल टूट गया है।

इस वक्त भारत बड़े खतरनाक दौर में है। हिंदू और मुसलमान में विभाजन गहराता जा रहा है। मुसलमान को दूसरे मजहब और समुदाय की चिंताओं और दुरावस्थाओं से कोई सरोकार नहीं है। कई राज्यों में मंदिर बनाम अवैध मस्जिद के विवाद उग्र होते जा रहे हैं। हालात यहां तक सांप्रदायिक हो गए हैं कि हिजबुल्लाह का घोषित, घोर आतंकी सरगना नसरल्लाह भारत के मुसलमानों को अपना भाई, दिलों का राजा लगता है। छोटे-छोटे बच्चों के मुंह से नारे बुलवाए गए-एक नसरल्लाह मारोगे, हर घर से नसरल्लाह निकलेगा।

अमेरिका को आग लगा दोङ्घअमरीका मुदार्बाद के नारे भी गूंज रहे थे। यह सिलसिला कश्मीर घाटी से उप्र के लखनऊ और सुलतानपुर तक और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक में जारी रहा। भीड़ हाथों में मोमबत्तियां जलाए मार्च निकालती दिखाई दी, मानो भारत का अपना कोई देशभक्त या सैनिक शहीद हो गया है! नसरल्लाह न तो भारतीय था और न ही किसी धर्मयुद्ध का योद्धा था, जिसके मारे जाने पर ऐसा मातम मनाया जा रहा है! मासूम बच्चों को क्या पता कि उसकी मौत क्यों और कैसे हुई? उन्हें नफरत की घूंट पिला दी गई, लिहाजा वे नसरल्लाह के अभिनंदन में नारे लगाने लग पड़े। नसरल्लाह तो इस्लामी जेहादी भी नहीं था, लेकिन दुनिया में असंख्य हत्याओं का सूत्रधार जरूर था। भारत में एक घोषित, घोर आतंकी के हमदर्द रहे हैं, यह कई मामलों में सामने आया है-याकूब मेमन से अफजल गुरु तक। भीड़ बुरहान वानी सरीखे आतंकियों के जनाजे और सुपुर्द-ए-खाक के दौरान इस कदर इकट्ठा होती रही है मानो किसी क्रांतिकारी या स्वतंत्रता सेनानी की अंतिम संस्कार यात्रा हो! मुसलमान पहले इस्लामी और मुसलमान हैं, बाद में भारतीय हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, ऐसे प्रदर्शनों की आजादी और सबसे बड़े लोकतंत्र ने हिंदू-मुस्लिम विभाजन को लगातार गहरा किया है। मौलिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता के गलत मायने निकाले जाते रहे हैं। पड़ोसी देश बांग्लादेश के मौजूदा हालात सामने हैं। वहां असंख्य हिंदुओं की हत्या ही नहीं की गई, बल्कि उत्पीड़न इतनी पराकाष्ठा तक पहुंच चुका है कि हिंदुओं को बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने का वक्त तय कर दिया गया है। बांग्लादेश की यूनिवर्सिटी से दो हिंदू प्रोफेसरों को नौकरी से निकाल दिया गया है। हिंदुओं की पूजा और पर्व मनाने पर पाबंदी थोप दी गई है। बांग्लादेश इस्लामीस्तान बन गया लगता है। इन हालात पर भारतीय मुसलमान, खासकर नसरल्लाह जैसों के हमदर्द, न तो मातम मना रहे हैं और न ही प्रतिक्रिया में कोई सख्त टिप्पणी कर रहे हैं। उन्हें हिंदुओं से कोई सरोकार नहीं है, जबकि वे भारत मूल के ही हैं। क्या हिंदुओं के साथ भाईचारा महज दिखावटी और बयानबाजी का ही है?

दुनिया में मुसलमानों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी, करीब 21 करोड़, भारत में रहते हैं। वे कई मायनों में एक ताकतवर वोट बैंक हैं। यदि ऐसे देश में मुस्लिम आबादी घोषित आतंकवादी नसरल्लाह के मारे जाने पर मातम मनाती है, तो उसके कई संकेत हो सकते हैं। महज चुनाव के लिए इतने आयोजन नहीं किए जा सकते। यदि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सरीखी पार्टियां ही ऐसे मातमी प्रदर्शन आयोजित कराती हैं, तो यह देशद्रोह भी है। सवाल है कि क्या इतने बड़े समुदाय को नियंत्रित किया जा सकता है? छोटे-छोटे मुद्दों पर हंगामा बरपने लगता है।

मुस्लिम बहुसंख्यक होने की धमकियां दी जाती हैं। ये भारत के लिए खतरनाक संकेत हैं, क्योंकि उसकी आबादी के दो प्रमुख घटकों के बीच ही तनाव की स्थितियां हैं। इन पर सरकार को गंभीरता से मंथन करना होगा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को भी पूरी तरह नकेल देनी होगी। कश्मीर घाटी में रोज कहीं न कहीं आतंकवादियों और पुलिस की मुठभेड़ें हो रही हैं। इनमें आतंकवादी भी मारे जा रहे हैं और हमारे जवान भी शहीद हो रहे हैं। आखिर कब यह आतंक खत्म होगा। राजनीतिक दलों को दहशतगर्दों के समर्थन से बाज आना चाहिए। देश आज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है तो कई लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। किसी दहशतगर्द या आतंकी का समर्थन किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। ऐसी हरकतें देश के अमन और चैन के लिए खतरे का संकेत हैं। वहीं ये हरकतें सोचने को भी मजबूर करती हैं कि इन सबके पीछे कोई वोट बैंक की राजनीति है या फिर देष तोड़ने की कोई गहरी बाहरी और आंतरिक साजिश।



## कविता

सुकून एक भरम सही भरम
भी जरूरी है
जिन्दगी जीने की यही तो मजबूरी
है

होंगे आप शहनशाह अपने ही घर
में
नौकरी में तो करनी होगी जी
हजूरी है

मन तो चाहता है परिंदा बन जाए
जमी की कशिश आदम की
कमजोरी है

सूरज रोज आंगन में आकर बैठ
जाता है लोग कहते है उसकी तो
बहुत दूरी है

चाँद के आगोश में चाँदनी खोई है
आया सूरज रह गई रात भी अधूरी
है

हरि भारद्वाज

---------

# प्रौद्योगिकी के युग में पालन-पोषण की चुनौतियाँ

विजय गर्ग

**हालाँकि** चुनौतियाँ वास्तविक हैं, इसलिए समाधान भी हैं - अनुकूलन और धैर्य इस डिजिटल समय में सफल पालन-पोषण की आधारशिला बने हुए हैं इन दिनों बातचीत इस बात पर जोर देती है कि जीवन कितना चुनौतीपूर्ण हो गया है और अशांत समुद्र में सर्फिंग करना उतना आसान नहीं है जितना पहले हुआ करता था। मुझे आश्चर्य होता है कि आधुनिक दुनिया ने हमें जो सुविधाएं प्रदान की हैं, उसके बावजूद हम इस दृष्टिकोण का आसानी से समर्थन करते हैं। जीवन की गुणवत्ता में सर्वांगीण सुधार ने हमें उस संतुष्टि की भावना लाने के मामले में कुछ खास नहीं किया है जो भौतिक संचय लाने वाला माना जाता है। इसके बजाय, हम केवल अधिक पागल और अधिक शिकायती बन गये हैं। जिन चीजों को लेकर हम शिकायत करते हैं, उनमें से एक चीज सबसे खास है - इस समय में माता-पिता बनने की कठिनाई। ऐसा नहीं है कि यह तब होता था जब हम बच्चे थे, वे दावा करते हैं और अपने बच्चों को नियंत्रण में रखने में असमर्थ हैं, चाहे वह गैजेट के उपयोग के बारे में हो या नए जमाने की सुख-सुविधाओं के लिए उनकी मांगों के बारे में हो या अच्छी सलाह का पालन करने के बारे में हो। आजकल बच्चों के बड़े होने का तरीका ऐसा होता है कि माता-पिता उस पर पकड़ नहीं बना पाते, और माता-पिता अपनी बुद्धि के अंत में होते हैं। क्या पालन-पोषण अब इतना कठिन हो गया है, हमारे माता-पिता या उनके माता-पिता के लिए पहले की तुलना में अधिक कठिन? इससे पहले कि हम इस बात पर गौर करें कि अब यह पहले से कहीं अधिक कठिन क्यों लगता है, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि पालन-पोषण हमेशा से कठिन रहा है। हमारे दादा-दादी को भले ही सोशल मीडिया की लत या लगातार सतर्क रहने की चिंता से नहीं जूझना पड़ा हो, लेकिन उनकी अपनी चिंताएं थीं- कमी, जानकारी की कमी और कम अवसर। फिर भी, वे कामयाब रहे, जैसे हम आज प्रबंधित करने की कोशिश करते हैं। तो फिर, इतना महत्वपूर्ण परिवर्तन क्या हुआ है कि माता-पिता अब लगभग निरंतर निराशा का भाव महसूस करते हैं? उदाहरण के लिए, डिजिटल युग ने न केवल हमारे जीने के तरीके को बल्कि बच्चों के पालन-पोषण के तरीके को भी बदल दिया है। सोशल मीडिया, यूट्यूब, वीडियो गेम- ये सभी ध्यान भटकाने वाले सिर्फ मनोरंजन के साधन नहीं हैं; वे बच्चों के सोचने, कार्य करने और यहां तक ??कि वास्तविकता को समझने के तरीके को आकार देते हैं।

माता-पिता अक्सर इस डिजिटल हमले के सामने शक्तिहीन महसूस करते हैं, वे अनिश्चित होते हैं कि सत्तावादी या अपने बच्चों की दुनिया से कटे बिना स्क्रीन समय का प्रबंधन कैसे किया जाए। जिस गति से प्रौद्योगिकी विकसित हो रही है, उससे यह संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। जब तक माता-पिता को एक ऐप या प्लेटफॉर्म पर नियंत्रण मिलता है।

## विचार

# विश्व-युद्ध की पृष्ठभूमि में इजरायल, हमास, लेबनान

संजीव

**अंतर्राष्ट्रीय** न्यूज एजेंसी के अनुसार वैश्विक युद्ध की भूमिका वैसे तो इसराइल और फिलिस्तीन युद्ध ने पहले से ही रख दी थी हिजबुल्ला लड़ाको ने इजराइल फिलिस्तीन हमास युद्ध के बीच कूद कर युद्ध में आग में घी का काम किया है। इसके अलावा लेबनान ने इस युद्ध में अपने को शामिल अपनी आहुति दे दी। इसराइल ने जिस तरह लेबनान में छिपे हिजबुल्ला के आतंकवादियों को चुन चुन कर निशाना बनाया और उसमें कमांडर नसरूल्लाह की हत्या ने पूरे ईरान और शिया समुदाय को हिलाकर आक्रोशित कर दिया है। ईरान ने इसे अपना प्रतिष्ठा का प्रश्न बनकर लगभग 300 टारगेटेड मिसाइल इसराइल पर दाग कर विश्व युद्ध की भूमिका तैयार कर दी है। यह अलग बात है कि इजरायल अब अमेरिका के नियंत्रण से बाहर हो गया अमेरिका और यूरोपीय देश अपनी प्रतिबद्धता के कारण इसराइल को समर्थन दे रहे हैं। अब इसराइल बेलगाम होकर ईरान लेबनान और हमास के आतंकवादियों पर खुलकर हमला कर उन्हें नेस्तनाबूत करने पर उतारू है । इसराइल के इस युद्ध में अरबो रुपए खर्च हो चुके हैं उधर ईरान ने भी लगभग 30 करोड़ की मिसाइल से अपना हमला कर इरादे साफ कर दिए हैं कि अब ईरान भी रुकने वाला नहीं है। इन सब युद्ध की गतिविधियों से विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ गई है

और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध बन गया है। उधर अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैसे भी रूस यूक्रेन युद्ध को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं और युद्ध रोकने के जितने भी प्रयास है असफल हो चुके हैं वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका रूस-यूक्रेन और इजरायल हमास, फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान युद्ध को हर संभव तरीके से रोकना होगा होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध करेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# गड्ढों से विकास की ओर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**हमारे** सड़क मंत्री साहब कहते हैं कि भारतीय सड़कें तेजी से प्रगति कर रही हैं। बात बिल्कुल सही है। सड़कों की प्रगति तो मानो रुकती ही नहीं। ये सड़कें मुम्बई से दिल्ली तक प्रगति करती हुई जाती हैं और फिर दिल्ली से मुम्बई तक लौट आती हैं। अब बीच में कहीं गड्ढे आ जाएं, ट्रैफिक जाम लग जाए, या सड़क खुदाई हो जाए झ यह तो छोटी-मोटी बातें हैं। आखिर, प्रगति की राह में थोड़ी रुकावटें तो आनी ही हैं। अरे, जब देश की प्रगति में रोड़े अटकते हैं, तो यह तो बस बेचारी सड़कें हैं। देखिए, हम भारतीयों में एक आदत है—हर सफर से पहले बोलते हैं, "ईश्वर आपकी यात्रा सफल करें।" अब भला यह रोजमर्रा की बात में भगवान को क्यों घसीटते हैं? कारण साफ है: सड़क के बिना आपका है ही कौन? वही तो एकमात्र है, जिसके नाम पर आप जगह भी पा जाते हैं और सफर भी कर लेते हैं।

जब सड़कों का आविष्कार नहीं हुआ था, तब यात्राएं कष्टदायक थीं। और आज, जब सड़कें बन चुकी हैं, तो यात्राएं **अब भी** कष्टदायक हैं। क्या कमाल है! हमने प्रगति की है, पर अपना इतिहास नहीं छोड़ा। उस समय भी दुर्दशा थी, आज भी है। ये सड़कें विदेशी तकनीक से बनी हैं, लेकिन इन्हें न हमारे नसीब बदलने की फुर्सत है, न हमारे चरित्र। भारतीय सड़कें हमें यह सिखाती हैं कि बड़े आराम की मंजिलें, छोटे-छोटे कष्टों से पार होती हैं। मान लीजिए आप शादी के लिए ससुराल जा रहे हैं। महीने भर पहले बुकिंग कराई है, और घंटों पहले आप बस स्टैंड पर पहुंच गए। आपको लगा, आज तो सफर सुकून भरा होगा। लेकिन जैसे ही बस चलने लगती है, आपको पता चलता है कि सड़क पर जाम है। अब बस रेंग रही है, और आपका ससुराल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। लेकिन याद रखिए, ससुराल का बड़ा आराम, छोटे-छोटे कष्टों से ही पार होता है। यही तो प्रगति है! इसी तरह, बड़ी पीड़ा के सामने छोटी पीड़ाएँ नगण्य होती हैं। मान लीजिए, आपके पिता जी का निधन हो गया। (मुझे माफ करें, मैं बस एक उदाहरण दे रहा हूँ। भगवान उनकी लंबी उम्र करें, अगर वो पहले ही न चले गए हों)। आपको खबर मिलती है, और आप तुरंत अपने गांव जाने के लिए सड़क पर उतर जाते हैं। सड़क के गड्ढे, धक्के, धूल—सबकुछ सह लेते हैं, क्योंकि बड़े दुख के आगे यह छोटी तकलीफें कौन देखता है? अब एक और उदाहरण लें—एक कुंवारे लड़के को उसके दोस्त से खबर मिलती है कि वो लड़की, जिससे उसकी शादी तय हो रही है, होशंगाबाद में अपने मामा के घर आई है।

# लव जिहाद और चुप्पी का खेल

डॉ. सुरेश कुमार

**दोनों** की कहानी एक जैसी थी। बस फर्क इतना था कि सुनीता ने जहाँ मुस्लिम लड़के से प्यार में पड़कर खुद के कई टुकडे करवाए वहीं अनीता अपने ही धर्म के लड़के के प्यार में पड़कर सुनीता जैसा हाल करवाया। बस फर्क इतना था कि सुनीता की खबर को मीडिया ने जितनी हाइप उतनी अनीता को नहीं दी। इसी को लेकर सुनीता और अनीता ऊपर की दुनिया में, आपस में बातचीत कर रही थीं। सुनीता, जो एक मुसलमान लड़के के प्यार में पड़कर लव जिहाद का शिकार हुई थी, और अनीता, जो एक हिंदू लड़के के हाथों कई टुकड़ों में बंट चुकी थी, दोनों ने एक-दूसरे से अपनी कहानी साझा करने का फैसला किया।

**सुनीता: (हंसते हुए)** अरे अनीता, देखो तो हमारी ज़िंदगी का क्या हाल है! मैं तो यहाँ ऊपरी दुनिया में हूँ, लेकिन मेरी कहानी तो अभी भी जमीन पर गूंज रही है। टीवी पर, सोशल मीडिया पर, हर जगह लव जिहाद का हायप है। सब लोग मेरी बात कर रहे हैं। अनीता (थोड़ी निराशा से) हाँ, तुम्हारी बात तो सही है। मुझे देखो, मुझे तो कोई जानता भी नहीं।

मेरे टुकड़े हुए और सब खामोश। मानो मेरे टुकड़े होने के बाद खून-मांस का मंजर न होकर पवित्र फूलों का दृश्य बन गया हो। हिंदू लड़के के इर कार्य को किसी ने नोटिस भी नहीं किया।

**सुनीता: (हंसते हुए)** तुमने सही कहा। मीडिया तो हमेशा से एक तरफा है। जब तुम्हारी तरह एक हिंदू लड़का ऐसा करता है, तो वो तो "पवित्र प्रेम" हो जाता है। और जब मैं लव जिहाद का शिकार होती हूँ, तो जैसे पूरी दुनिया को मेरे पर जुल्म हुआ है!

**अनीता: (हंसते हुए)** सच में! ये लोग हमसे प्यार नहीं करते, बल्कि कहानियों को बढ़ाने का एक जरिया ढूंढते हैं। लव जिहाद की स्टोरी ने तो टीआरपी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, लेकिन मैं? बस एक संख्या बन गई।

**सुनीता: (ध्यान में)** अरे अनीता, तुम सोच रही हो न कि क्या होगा अगर हम दोनों की कहानियाँ उलट-पुलट कर दी जाएँ? क्या होता अगर मैं एक हिंदू लड़के के साथ होती और तुम मुसलमान लड़के के साथ?

**अनीता: (हंसते हुए)** तो फिर तुम्हारे साथ नाटक होता, जबकि मेरे साथ "पवित्र कार्य" का तमाशा होता! मैं तो टुकड़ों में बंटी होती, लेकिन कोई नहीं बोलता। क्योंकि मैं तो अपने धर्म में ही मर गई, है न?

## न्यूज फ्लैश

### आईआईआईटी ऊना में वार्षिक खेल महोत्सव शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** आईआईआईटी ऊना में शुक्रवार को वार्षिक खेल महोत्सव यलगार का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार सम्मानित डीएसपी अजय ठाकुर ने शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रिपलआई ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौड़ ने की। उत्सव की शुरूआत एक अनोखे रैंप वॉक से हुई। इसमें छात्र प्रतिनिधियों ने सभी खेलों का प्रदर्शन किया।
मुख्यातिथि डीएसपी अजय ठाकुर ने यलगार की मशाल प्राप्त करके खेल महोत्सव का आधिकारिक उद्घाटन किया। उन्होंने पहली कबड्डी मैच का शुभारंभ करते हुए पहली रेड डाली और छात्रों को सभी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। महीने भर चलने वाले इस खेल महोत्सव यलगार में विभिन्न इनडोर, आउटडोर और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इनडोर खेलों में बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस शामिल हैं। जबकि आउटडोर प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट और बास्केटबॉल जैसे खेल शामिल हैं। इस वर्ष महोत्सव में वेटलिफ्टिंग और आर्म रेसलिंग जैसे दो नए खेलों को भी जोड़ा गया है। मुख्यअतिथि अजय ठाकुर ने छात्रों को अपने खेल जीवन की यात्रा से प्रेरित किया। उन्होंने अपने करियर में आई चुनौतियों और सफलताओं को साझा किया और अनुशासन, धैर्य और टीमवर्क के महत्व को रेखांकित किया। निदेशक प्रो. मनीष गौड़ ने छात्रों से यलगार में पूरे मनोयोग से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### फर्जी ईडी प्रकरण में घटना में प्रयुक्त कार बरामद

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना गोविन्दनगर पुलिस द्वारा फर्जी ईडी के अफसर बनकर डकैती डालने का प्रयास करने वाले गैंग के एक और आरोपी को उस कार के साथ गिरफ्तार किया है जिस कार से कारोबारी के यहां ये लोग पहुंचे थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार होण्डा सिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर पीबी 07 बीएक्स 7173 को कब्जे में ले लिया है। वाछिंत अभियुक्त मंजीत सिंह पुत्र कमलजीत सिंह निवासी ग्राम नारा थाना होशियारपुर सदर जिला होशियारपुर (पंजाब) को थाना गोविन्दर क्षेत्र से घटना में प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त मंजीत सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर षडयन्त्र करके 30 अगस्त को कारोबारी के घर पर फर्जी ईडी बनकर फर्जी सर्च वारण्ट दिखाकर तलाशी लेने के बहाने पहुंचे थे।

### 15 हजार का इनामी गैंगस्टर पकड़ा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना बलदेव पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के एक इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव त्रिलोकी सिंह के मुताबिक पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट मे वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त इरफान पुत्र फजरूद्दीन निवासी उदयपुर जिला भिवाडी अलवर राजस्थान को मुखविर की सूचना पर कोसी होडल बार्डर पर पप्पू ढाबा के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित पशु क्रूरता के एक मामले में थाना बल्देव से फरार चल रहा था।

### अक्षय पात्र सेवा के क्षेत्र में प्रेरणा का स्त्रोत: डी.डी. वंजले

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गेबर फेफर ने 25 वां स्थापना दिवस वृंदावन स्थित अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ बडे.ही हर्ष के साथ मनाया। इस दौरान गेबर फेफर के पदाधिकारियों ने मथुरा जनपद के रावल और अजय नगर स्थित परिषदीय विद्यालय के बच्चों के मध्य चित्रकला स्पर्धा का आयोजन कर उपहार वितरण किए। उसके बाद वृन्दावन के मैत्री घर एवं ओम शांति आश्रम की निराश्रित माताओं को प्रसाद वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गेबर फेफर के कर्मचारियों को अक्षय पात्र की केंद्रीय रसोई की कार्य प्रणाली को समझने और जानने का अवसर प्राप्त हुआ। गेबर फेफर के प्रबंध निदेशक डी.डी. वंजले ने अक्षय पात्र की प्रशंसा करते हुए, इसे सभी सामाजिक कल्याण संगठनों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया। उन्होंने बताया कि संस्था की स्थापना 26 सितंबर 2000 को दिल्ली में हुई। यह संस्था सीमेंट संयंत्रों और इससे संबंधित उपकरणों के निर्माण क्षेत्र में एक जर्मन की सुप्रसिद्ध संस्था है।

# मथुरा में जब सडक पर लोगों ने कर दिया मंदिर का निर्माण शुरू

**बड़ी कार्रवाई**

**-सड़क पर कचरे के ढेर से परेशान होकर स्थानीय निवासियों ने शुरू किया था मंदिर का निर्माण**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना कोतवाली अंतर्गत अंबाखार परिक्रमा मार्ग बंगाली घाट चौकी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई। जिसमें रास्ते पर अवैध रूप से बने मंदिर को ध्वस्त किया गया। मंदिर में लोगों ने मूर्ति रख कर पूजा अर्चना भी शुरू कर दी थी। जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि रास्ते में नगर निगम ने कूड़े कचरे का ढेर लगा रहता है। इसे निगम ने डंपिंग्राउंड बना दिया है। इसी से नाराज हो कर इस जगह पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रोका दिया और मंदिर को ध्वस्त कर दिया है। वहीं नगर निगम द्वारा लोगों को आश्वासन दिया गया कि रास्ते पर जो कचरा इकट्ठा हो जाया करता था, वह अब आगे से नहीं होगा। समय अनुसार कचरे को हटवा दिया जाएगा और रास्ते पर सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की कार्यवाही का विरोध भी किया। इस मौके पर सीओ सिटी मालिक भी पहुंचे उन्होंने बताया कि अंबाखार परिक्रमा मार्ग में स्थानीय लोगों के द्वारा ट्रांसफॉर्म के बराबर से खाली पड़ी जगह पर पार्षद की मदद से एक मंदिर का निर्माण किया गया था। जिसको नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर स्थानीय लोगों को समझाया है और कार्रवाई की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा खाली पड़े जगह पर कचरे का ढेर लग जाने के कारण मंदिर का निर्माण किया था।

## पोषण अभियान में प्रदेश में मथुरा का आया चौथा नम्बर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सितम्बर माह में जनपद में लगभग 3,56,000 गतिविधियां कराई गई और इसे पोषण अभियान की वेबसाइट पर फीड कराया गया, जिसके फलस्वरूप जनपद को पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। मथुरा में पोषण माह का भव्य समापन समारोह कार्यक्रम बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांट विधायक राजेश चौधरी, राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता बहुत मेहनत और निष्ठा से कार्य करती है किन्तु उन्हें मिलने वाला मानदेय काफी कम है। मिशन के अंतर्गत सैम और मिशन सुपोषण हंड्रेड के अंतर्गत चिन्हित क्रमशः 143 एवं 645 कुपोषित बच्चों को तीन माह में कुपोषण से मुक्त करने के लिए कार्यकताओं की प्रशंसा की तथा केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। समापन कार्यक्रम में पोषण रेसिपी प्रतियोगिता, हाथ से बने खिलौनों की प्रतियोगिता तथा पोषण क्विज प्रतियोगिता का फाइनल राउंड भी आयोजित किया गया। संभव अभियान और पोषण माह के दौरान कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य प्रबंधन में अच्छा कार्य करने वाली कार्यकर्ता शशि बाला, मुखनवती, सुनीता शर्मा, रामवती, मिथिलेश, कृष्णा, बबीता और भगवती को सम्मानित किया गया।

## हरोली कॉलेज के रोहन का रिपब्लिक डे परेड में हुआ चयन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरीऊना:** राजकीय महाविद्यालय हरोली की बीकॉम तीसरे वर्ष के छात्र रोहन सैनी का चयन एनएसएस नोर्थ जोन प्री रिपब्लिक डे परेड में हुआ है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ भीम सिंह राठौर ने बताया कि रोहन ऊना जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए विवेकानंद गलोबल यूनिवर्सिटी जयपुर में प्रतिभागी प्रशिक्षण के लिए चयनित हुआ है। उन्होंने रोहन को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वहीं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शकुंतला राणा ने कहा कि इस उपलब्धि से पूरा महाविद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय के अन्य छात्रों को भी रोहन से प्रेरणा लेने की बात कही।

## मथुरा में राम बरात देखते दो युवको को लगा करंट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बीते दिन राम बारात के मौके पर कच्ची सड़क पर अस्थाई ट्रांसफार्मर में आया करंटसे दो युवक झुलस गए जिनको तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार की रात थाना गोविंद नगर के कच्ची सड़क के समीप उस समय अफरा तफरी मच गई जब दो युवक रोड पर खड़े अस्थाई विद्युत ट्रांसफार्मर में आ रहे करंट की चपेट में आ गय जिसके चलते हुए वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी परंतु कोई भी विद्युत कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा जैसे तैसे लोगों ने दोनों युवकों को बचाया परंतु उससे पहले दोनों युवक बुरी तरह झुलस गए जिन्हें आनन फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

## गुरदेव सिंह भुल्लर को सौंपी प्रधान पद की कमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** चुरुडू-बहेड़ी कृषि सेवा सहकारी सभा समिति में शुक्रवार को नई सोसायटी कमेटी का चयन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से गुरदेव सिंह भुल्लर को प्रधान पद की कमान सौंपी गई। वहीं उपप्रधान पद के लिए देव राज दयात को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा कमेटी के अन्य सदस्यों के चुनाव में गुरदेव सिंह भुल्लर, देवराज दयाल, इन्दू भूषण, चमन लाल, मलकियत सिंह, मोहन लाल व राजेश कुमार को चुना गया। नवनियुक्त कमेटी के प्रधान गुरदेव सिंह भुल्लर ने कहा कि प्रधान पद में ईमानदारी और निष्पक्षता से गांव की सोसायटी को सुचारू रूप से चलाने की प्राथमिकता रहेगी। ताकि किसी भी खाताधारक को कोई भी परेशानी न आये। इस अवसर पर पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत चुरुडू राजेंद्र कुमार, पवन कुमार खडवाल, चुरुडू बूथ प्रधान दविंद्र सिंह भुल्लर, स्वर्ण सिंह, हजारी लाल, सोसायटी सचिव अरुण कुमार, सेलमेन शशि कुमार आदि उपस्तिथ रहे।

# उठाये जा रहे कदम, ताकि सर्दियों में सड़क पर कम हों हादसे

**सड़क सुरक्षा**

**परिवहन विभाग मथुरा द्वारा दो से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में परिवहन विभाग मथुरा द्वारा दो से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में तीन व चार अक्टूबर को द्वितीय व तृतीय दिवस पर जनपद के प्रवर्तन अधिकारी राजेश राजपूत (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन-प्रथम दल) व संदीप चौधरी (यात्रीकर अधिकारी) द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आगामी शीत ऋतु को देखते हुए प्रवर्तन कार्य करते समय वाहन में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगवाने की कार्यवाही की गयी। ट्रक चालकों एवं बस चालकों को रेट्रों रिफ्लेक्टर टेप की उपयोगिता के बारे में बताया गया जिससे सड़क पर दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। चार अक्टूबर को तृतीय दिवस पर कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, मथुरा में जनपद के सभी ट्रक, बस, ऑटो, ई रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सडक सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवर्तन अधिकारियों ने यूनियन पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि अपने वाहनों को मार्ग पर भेजने से पूर्व चालक परिचालकों को वाहन के वैध प्रपत्र, इंडीकेटर बैक लाइट, बाइपर एवं वाहन को पूर्ण स्वस्थ होने के उपरान्त पर ही मार्ग पर संचालन के लिए भेजा जाये। इस दौरान परिवहन कार्यालय में ट्रक यूनियन के अध्यक्ष हुकुम सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री राजेश राजपूत, मनोज प्रसाद वर्मा, टीआई शौर्य कुमार सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी एवं कार्यालय में कार्य कराने आये वाहनों के चालक एवं परिचालक उपस्थित रहे।

## मथुरा में पशुओं में बढ रही गर्भपात की समस्या

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पशु पालक इन दिनों एक नई तरह की परेशानी झेल रहे हैं। गाय और भैंस में गर्भधारण में समस्या आ रही है। इसके अलावा गर्भपात की दर भी बढ़ी है। पशु चिकित्सा विभाग पशुओं में आ रही इस तरह की परेशानी से निपटने के लिए वृहद स्तर पर टीकाकरण अभियान चला रहा है। जिससे पशुपालकों को आर्थिक हानि से बचाया जा सके। यह टीका आठ साल तक के गाय और भैंस की बछिया और पडिया को ही लगाया जा सकता है। 15 नवम्बर से शुरू हुआ यह अभियान 31 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आवश्यकता होने पर इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।
पशुपालकों में जागरूकता की कमी की वजह से टीकाकरण अभियान की गति अपेक्षित नहीं रह पा रही है। विभाग का लक्ष्य एक लाख से अधिक पशुओं को इस टीके से आच्छादित करने का है। मुख्य पशु चित्सािधकारी के मुताबिक पशुओं में गर्भ धारण और गर्भपात के लिए कई कारण हो सकते हैं। इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान होता है और दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित होता है। छोटी जोत के कृषकों के लिए पशु पालन अनिवार्य हो गया है, तभी वह अपने परिवार की गाडी खींच पा रहे हैं। ऐसे में जब पशु का गर्भपात हो जाता है तो यह पशु पालकों के लिए बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने पशुपालकों से अभियान में सहयोग करने की भी अपील की।
ऑक्सीटोसिन का पशुपालक कर रहे उपयोगप्रतिबंध के बावजूद ऑक्सीटोसिन का पशुओं के ऊपर पशुपालक उपयोग कर रहे हैं। दूध की कीमतें अच्छी मिलने और आर्थिक दबाव में होने की वजह से छोटे पशुपालक दुधारू पशु से अधिक दिनों तक दूध लेने के लिए ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का उपयोग कर रहे हैं।

## बरसाना में रह रही थी गुजरात की महिला, भटकता रहा पति

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार को करीब नौ बजे पीड़ित ने थाने पर आकर सूचना दी कि उनकी पत्नी करीब 40 दिन पहले घर से किसी को बिना बताये कही चली गयी थी। जिनको काफी तलाश किया गया किन्तु नहीं मिली, जिसके सम्बन्ध में वादी की पत्नी की गुमशुदगी थाना जवाहर नगर जनपद बड़ौदा गुजरात में एक अक्टूबर को पंजीकृत कराई गई थी और अपनी पत्नी को बरसाना क्षेत्र में तलाश करने के लिए कहा गया। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल टीम को महिला की तलाश करने के लिए निर्देशित किया गया। थाना बरसाना पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला की थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों आश्रम, मन्दिर, धर्मशाला आदि स्थानों पर तलाश किया गया तो गुमशुदा महिला श्रीजी मंदिर कस्बा बरसाना में मिली।

## प्रतिबंध के बाद भी बिक रहा है खुला कुट्टू का आटा



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी मथुरा के आदेशानुसार धीरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मथुरा के निर्देशन में नवरात्रि पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष कर कुट्ठ का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे, मूंगफली, साबूदाना, रामदाना व अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराए जाने तथा हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप से पकाए गए फलों के भंडारण, विक्रय को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाकर कुल छह नमूनें संग्रहित किए गए। गोवर्धन तहसील में बड़ा बाजार से साबूदाने का नमूना, वृंदावन स्थित निर्माण इकाई से व्रत का आटा का एक नमूना, गोविंद नगर मथुरा से कुट्ठ के आटे का एक नमूना, सदर तहसील में बाद से कुट्ठ गिरी, बरारी में खुले कुट्ठ का आटा और औरंगाबाद में सावां का चावल के नमूनें संग्रहित किए गए। साथ ही लगभग पांच किलोग्राम खुले कुट्ठ के आटे को विनष्ट कराया गया। सभी छह नमूना विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सचल दल में ज्ञान पाल सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गजराज सिंह, दलबीर सिंह, मोहर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह एवं भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

# मस्जिद विवाद को लेकर डीसी कार्यालय पहुंचे बसोली के ग्रामीण

**विवाद**

**-बोले, जब गांव में नहीं एक भी मुस्लिम परिवार तो कैसे खड़ी कर दी मस्जिद**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती बसोली ग्राम पंचायत के तहत बनाई गई एक मस्जिद को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। करीब 11 दिन पहले गांव के लोगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए इस भवन को 7 दिन में गिराने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन अभी तक इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर कोई भी कार्रवाई नहीं होने के बाद शुक्रवार को ग्रामीण एक बार फिर डीसी व एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीण अभी भी इस बात पर अडिग है कि जब उनके पंचायत क्षेत्र में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है तो फिर यहां मस्जिद खड़ी करने का क्या उद्देश्य रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द विवादित इमारत गिराने की मांग उठाई ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई कर रहे पूर्व सैनिक जोगिंदर सिंह बिंद्रा ने कहा कि उनकी पंचायत क्षेत्र में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। ऐसे में इस जगह पर मस्जिद का निर्माण किस उद्देश्य से किया गया है, इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब इस जगह पर बड़ी संख्या में बाहरी लोगों के आने जाने का काम भी शुरू हो चुका है, ऐसे में स्थानीय लोगों के लिए यह एक बड़ा खतरा हो सकता है। जिसके चलते प्रशासन को कोई भी अप्रिय घटना होने से पहले ही स्थिति को संभालना होगा। जिसके लिए जरूरी है कि इस ढांचे को तुरंत गिराया जाए।

वहीं पूर्व सैनिक और बसोली के ग्रामीण अनिल कुमार ने कहा कि देशभर में इसी प्रकार से घुसपैठ करने की कई सारी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जहां पहले मस्जिदों का निर्माण किया जाता है और फिर बाहर से लाकर लोगों को आसपास के क्षेत्र में बसा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को भी अब एक शिक्षित समाज में आना चाहिए और मदरसे आदि की शिक्षा को छोडकर समाज के मुख्य धारा में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ ?ा चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि उनके गांव में कोई भी मुस्लिम परिवार होता, तो वह कभी भी इस मस्जिद का विरोध नहीं करते। लेकिन बाहर से आकर लोगों द्वारा इस प्रकार के ढांचे खड़े करना कानून व्यवस्था को भी ठेंगा दिखाने जैसा है। जिस पर जल्द कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर वाशिष्ट कालिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वृंदावन मार्ग पर सड़क से नीचे गिरा कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक

**हादसा**

**वहीं कंपनी के ट्रक को तो नुकसान हुआ है और तो और कोल्ड ड्रिंक भी लगभग खराब हो गई है।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन में पानी गांव जाने वाले संपर्क मार्ग पर देर रात्रि को हादसा हो गया। जिसके चलते ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरा, लेकिन किसी भी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई है। वृंदावन पागल बाबा से लेकर पानी गांव पुल तक फोरलेन का कार्य किया गया। इसके बाद सड़क पर कार्य तो हो गया, लेकिन रात्रि के समय यात्रियों की सुविधा के लिए स्ट्रीट लाइट के इंतजाम नहीं किए गए हैं। जिसके चलते यहां आए दिन हादसे देखने को मिलते हैं। घटना बीती रात्रि लगभग साढे नौ बजे हुई। जिसमें मथुरा में बनने वाली कैंपा कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक पानी गांव की ओर जा रहा था तभी अचानक रास्ते में एक विशाल पीपल का वृक्ष है। जिसका तना सड़क तक निकली हुई है। अंधेरा होने के कारण ट्रक वृक्ष से टकरा गया और अनियंत्रित होकर नीचे गड्ढे में जा गिरा। गनीमत यह रही की रात्रि के समय के चलते कोई भी जनहानि नहीं हुई है। हालांकि ड्राइवर को हल्की चोट आई है। वहीं कंपनी के ट्रक को तो नुकसान हुआ है और तो और कोल्ड ड्रिंक भी लगभग खराब हो गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 05 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## रामलीला: 'राम जन्म व ताड़का वध' के मंचन का लोगों ने जमकर उठाया आनंद







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क, सेक्टर 11 के सामने भगवान गणेश के आह्वान के साथ ही दस दिन तक चलने वाली नव श्री केशव रामलीला कमेटी के दूसरे दिन राम जन्म व ताड़का वध के मंचन को लोगों ने जमकर आनंद उठाया। लोगों ने अपने स्थान पर खड़े होकर इन कलाकारों का जोरदार तालियों से इनका हौसला बढ़ाया। मंच पर 60 फीट का विषाल एलईडी स्क्रीन पर थ्रीडी एनीमेश्न के द्वारा मंचन के दौरान जंगल, पहाड़, नंदियां आदि का दृश्य देख दर्शक अभिभूत हो उठे। इस अवसर पर नव श्री केशव रामलीला कमेटी के चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी ने कहा कि इस रंगमंच के







जरिए उनका प्रयास अति संवेदनशील छोटे बच्चों के मन में अपनी संस्कृति तथा मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर थीम पर इस बार तीन मंजिला भव्य स्टेज पर लीला का मंचन हो रहा है। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी, अध्यक्ष जय किशन बंसल, एडिशनल चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता, महामंत्री कृष्ण जिंदल, कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम का यह 28वां वर्ष है। उन्होंने बताया की संपूर्ण रामलीला का आयोजन कमेटी के सभी सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है, उन्होने बताया कि रामलीला के भव्य मंचन में रामायण के सभी पात्रों के संवादों को श्रीराम कला केन्द्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। संस्था चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी बताया कि यहां पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा में प्राइवेट वालंटियर, सीसीटीवी कैमरा, हैंड मेटल डिटेक्टर के साथ दिल्ली पुलिस के जवान के नेतृत्व में सुरक्षा का इंतजाम है। इसमें 50 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं और मेले में हर प्रकार के झूले हैं, जो कि बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नव श्री केशव रामलीला कमेटी पंजी में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। 13 अक्टूबर तक प्रतिदिन यहां विभिन्न क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्ति पधारेंगे व रोज देश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें, जिसमें हरियाणवी सिंगर एम.डी. रॉक, टीवी अभिनेत्री रागिनी खन्ना, मेघना मलिक, फिल्मी कलाकार के डुप्लीकेट रितिक रोशन, अल्लू अर्जुन, लाफ्टर चैलेंज कॉमेडियन नाईट के कलाकार नितेश शेट्टी व अनामिका व रामायण के राम तथा सांसद अरुण गोविल सहित कई नामी हस्तियां उपस्थित होगी

## हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्ड: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च भी सरकार उठाएगी। इसके लिए अस्पताल से इलाज खर्च का इस्टीमेट बनाकर उनके कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद की जाएगी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन, गुरुवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की।

**जनसुनवाई**

**▸▸ जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च भी सरकार उठाएगी**

एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को दिए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर बार की भांति शुक्रवार सुबह के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए थे।

## 'मिशन शक्ति': और सशक्त होंगी बेटियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अपने विजन को प्रदेश में 'मिशन शक्ति' के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने और महिलाओं को और अधिक सशक्त करने के लिए शारदीय नवरात्रि में इसके पांचवें चरण की शुरूआत करने जा रहे



हैं। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत व्यापक पैमाने पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जो कि दिसंबर माह तक चलेगा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं के साथ-साथ बच्चों को भी सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रमों की इस शृंखला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, ऑपरेशन मुक्ति, बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस, स्वावलंबन कैंप समेत कई कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ उन्हें इससे लाभान्वित करना भी है।

## 5000 करोड़ ड्रग्स केस: पंजाब से एक और आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली से बरामद 500 करोड़ रुपए की ड्रग्स मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पंजाब से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जितेंद्र प्रीत गिल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है। यह खेप के भारत में आने से पहले ही भारत पहुंच गया था और खेप की सप्लाई करने गिरोसार सरगना ने इसको यूके से भारत भेजा था। दिल्ली पुलिस आज सुबह उसे लेकर दिल्ली आई है उसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। और रिमांड लिया जाएगा फिर पूछताछ की जाएगी। मादक पदार्थ तस्कर तुषार गोयल, भरत कुमार जैन, औरंगजेब सिद्दीकी और हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया था।

## रेशम रत्न सम्मान से कारीगर होंगे सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** योगी सरकार के रेशम विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में रेशम उत्पादन और संबंधित क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान 08 विभिन्न श्रेणियों में दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य रेशम उद्योग में नवाचार, उत्पादन और डिजाइनिंग को प्रोत्साहन देना है। रेशम क्षेत्र में उत्कृष्टता की पहचान करने और इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाएगा, जिन्होंने कोकून उत्पादन, रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट में नवाचार, सर्वोच्च कोया/धागा विक्रय, सर्वोच्च फिनिश्ड प्रोडक्ट विक्रय, रेशम निर्मित परिधान एवं अन्य उत्पाद में सर्वोत्तम डिजाइनिंग और लाइफटाइम एचीवमेंट जैसी श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य किया है। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि रेशम उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



देव भूमि संघर्ष समिति ने मंदिरों में सरकार व प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करने के आह्वान पर शिमला के नाभा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए श्रद्धालु।

## दिल्ली में डॉक्टर की हत्या, नाबालिग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कालिन्दी कुंज थाना क्षेत्र में डॉक्टर जावेद अख्तर की हत्या वाले मामले में पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को पकड़ा है। नाबालिग से पूछताछ की जा रही है। नाबालिग को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पकड़ा था। उसके बाद स्थानीय थाना कालिंदी कुंज पुलिस को सौंप दिया था। आरोपी से हत्या के कारणों का पता करने के लिए पूछताछ की जा रही है।

**दर्दनाक** इकलौता चिराग आंसुओं से भर गई हर किसी की आंखें

## मिर्जापुर हादसा: किसी ने खो दिया पिता...तो किसी ने बेटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** मिर्जापुर जिले के कछवां बाजार थाना अंतर्गत कटका गांव स्थित नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की आधी रात को एक बेकाबू ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दिया, जिसमें मिर्जामुराद (वाराणसी) के रामसिंहपुर/ बीरबलपुर गांव स्थित दलित बस्ती के 10 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग ट्रामा सेंटर में भर्ती करा उपचार जारी हैं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। चारों ओर रोना धोना चीख-पुकार सुनाई दे रहा था। लिफ्ट मिक्सर



मशीन (ढलाई मशीन) के मालिक भानु प्रताप की 4 वर्ष पहले शादी हुई थी। भानु दो भाइयों में बड़ा था था। इनको 2 वर्ष की एक बेटी (पीहू) है। पत्नी शशि व मां रीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृतक विकास कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा और अविवाहित बताया है। स्नातक की पढ़ाई के साथ ही मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। अनिल कुमार चार भाइयों में सबसे बड़ा व सूरज छोटा भाई था। दोनों सगे भाई बताए गए। पिता हुबलाल खेती का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते है। छोटा बेटा सूरज दिल्ली में रहकर किसी प्राइवेट कम्पनी में जॉब करता है। 25 दिन पहले वह घर आया था। पिता हुब लाल ने बेटे की शादी करने को घर बुला लिया था। बड़े बेटा अनिल कुमार को आकाश (10) व अमित (8) नामक दो बेटे हैं। मृतक की पत्नी लक्ष्मी की 5 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। इस हादसे के कारण इन दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। मृतक रोशन कुमार दो भाई एक बहन में सबसे छोटा रहा। वह कक्षा 9 का छात्र बताया गया। पिता दीनानाथ फेरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

